Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 27 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शनिवार 06 जुलाई 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



हमें पर द्रव्य को नहीं आत्म द्रव्य को मुख्य बनाना चाहिये।

Let's us concentrate mainly on substance of self instead of other substance.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री साय आज पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 6 जुलाई को पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर के षष्ठम दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जशपुर जिले के बगिया से पूर्वान्ह 10.30 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 11.15 बजे बिलासपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री बिलासपुर में पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। श्री साय बिलासपुर से दोपहर 12.40 बजे रवाना होकर 1.15 बजे रायपुर लौट आएंगे।

### चाईल्ड हेल्पलाइन के लिए 1098 नंबर पर कॉल करें

**रायपुर (विसं)।** शासन द्वारा चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 संकटग्रस्त बालकों की सहायता हेतु आपातकालीन सेवा उपलब्ध कराई गई है जो 24 घंटे सातों दिन कार्यरत है। जिस पर कोई भी बालक के संबंध कोई भी व्यक्ति बालक के शारीरिक, मानसिक, या यौन प्रताड़ना का शिकार है, कॉल कर सकता है। चाईल्ड लाईन कंट्रोल रूम पीड़ित बालक के संबंध में शिकायत को सुनकर समस्या के तर्कसंगत समाधान हेतु प्रयास करती है। इस हेतु वह राज्य के सभी जिलो के चाईल्ड लाईन, बाल कल्याण समिति एवं आपातकालीन स्थिति में 112 से समन्वय स्थापित करती है। चाईल्ड लाईन बालकों की सहायता हेतु टोल फ्री नंबर है।

## राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव : नवमी में प्रवेशित 30 छात्राओं को मुख्यमंत्री साय ने वितरित की साइकिल



### जब मुख्यमंत्री से मिली साइकिल तो छात्राओं ने सामूहिक रूप से घंटी बजाकर जताया उत्साह

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जशपुर जिले के ग्राम बगिया में आयोजित राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर आज यहां छात्र छात्राओं के लिए खुशियों भरा दिन रहा। जहां एक ओर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के मुखिया और जशपुर के माटी पुत्र मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय कार्यक्रम में शामिल हुए। वही दूसरी तरफ शाला प्रवेशोत्सव में नव प्रवेशी बच्चों के अभिनंदन के साथ उन्हें उपहार देने के साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय ने 9 वीं कक्षा में प्रवेशित छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल का वितरण किया। छात्राओं ने साइकिल मिलने की खुशी सामूहिक रूप से साइकिल की घंटी बजाकर जाहिर की और मुख्यमंत्री श्री साय का आभार जताया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी छात्राओं को अच्छे से पढ़ाई कर बेहतर परिणाम के साथ अपने माता-पिता और बगिया सहित प्रदेश का नाम रोशन करने की बात कहते हुए उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी, रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री राधेश्याम राठिया, विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत, विधायक पत्थलगांव श्रीमती गोमती साय, विधायक आरंग गुरु खुशवंत साहेब, जिला पंचायत अध्यक्ष जशपुर श्रीमती शांति भगत, उपाध्यक्ष श्री उपेन्द्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस योजना के तहत शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाली कक्षा 9 वीं की छात्राओं को निशुल्क साइकिल प्रदान की जा रही है, ताकि संसाधनों के अभाव में और दूरी के कारण छात्राएं अपनी पढ़ाई बीच में ना छोड़े।

## रक्षा अलंकरण : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सशस्त्र बल कर्मियों को "10 कीर्ति चक्र" और "26 शौर्य चक्र" प्रदान किए





**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह (चरण-1) में सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य व संघ शासित प्रदेश पुलिस के कर्मियों को 10 कीर्ति चक्र (सात मरणोपरांत) और 26 शौर्य चक्र (सात मरणोपरांत) प्रदान किए। इन जवानों को ये पुरस्कार उनकी विशिष्ट वीरता, अदम्य साहस और कर्तव्य के प्रति अत्यधिक समर्पण दिखाने के लिए दिए गए।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में यह सम्मान प्रदान किए गए। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित केन्द्रीय मंत्रिमंडल के अनेक वरिष्ठ मंत्री शामिल हुए।

जिन सैनिकों-जवानों को मरणोपरांत यह सम्मान प्रदान किया गया, उनके परिजनों ने यह सम्मान प्राप्त किया। सम्मान प्रदान करने के दौरान उनकी शौर्य गाथा सुनाई गई। इस समारोह में जिन्हें सम्मान प्रदान किया गया, वे हैं-

**कीर्ति चक्र (मरणोपरांत)**- इंस्पेक्टर दिलीप कुमार दास, हेड कांस्टेबल राज कुमार यादव, कांस्टेबल बबलू राभा, कांस्टेबल शम्भू राय, सिपाही पवन कुमार, कैप्टन अंशुमन सिंह और हवलदार अब्दुल माजिद।

**कीर्ति चक्र**- मेजर दिग्विजय सिंह रावत, मेजर दीपेन्द्र विक्रम बस्नेत और नायब सूबेदार पवन कुमार यादव।

**शौर्य चक्र (मरणोपरांत)**- कांस्टेबल सफीउल्लाह कादरी, मेजर विकास भांभू, मेजर मुस्तफा बोहरा, राइफलमैन कुलभूषण मन्ता, हवलदार विवेक सिंह तोमर, राइफलमैन आलोक राव और कैप्टन एमवी प्रंजल।

**शौर्य चक्र**- कांस्टेबल/जीडी गामित मुकेश कुमार, सब इंस्पेक्टर अमित रैना, सब इंस्पेक्टर फ़रोज़ अहमद डार, सहायक कमांडेंट बिभोर कुमार सिंह, कांस्टेबल वरुण सिंह, पुलिस अधीक्षक मोहन लाल, मेजर राजेंद्र प्रसाद जाट, मेजर रविंदर सिंह रावत, नायक भीम सिंह, मेजर सचिन नेगी, मेजर मानेओ फ्रांसिस पीएफ, विंग कमांडर शैलेश सिंह, लेफ्टिनेंट बिमल रंजन बेहरा, हवलदार संजय कुमार, फ्लाइट लेफ्टिनेंट ऋषिकेश जयन करुथेदाथ, कैप्टन अक्षत उपाध्याय, नायब सूबेदार बारिया संजय कुमार भ्रमर सिंह, मेजर अमनदीप जाखड़ और पुरुषोत्तम कुमार।

## मुख्यमंत्री ने पीएम जनमन योजना के हितग्राहियों को सौंपी घर की चाबी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज बगिया प्रवास के दौरान अपने निवास में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में पीएम जनमन योजना के तीन लाभार्थियों को नवनिर्मित घर की चाबी सौंपी। इस दौरान तीनों लाभार्थियों ने बांस से बनी टोकरी में आम, फल्ली और केला भेंटकर मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया। आदिवासी समुदाय के आर्थिक-सामाजिक उत्थान के लिए शुरू की गई पीएम जनमन योजना के तहत जिले के पहाड़ी कोरवा, बिरहोर लोगों को लाभ मिल रहा है। जशपुर जिले के जनपद बगीचा के ग्राम पंचायत सुलेसा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत 2016-23 तक कुल 90 आवास स्वीकृत किये गये थे। जिसमें 82 आवास अच्छी गुणवत्ता के साथ बनाकर पूर्ण हो गए हैं। शेष 08 आवास का कार्य प्रगति पर है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा और राज्यसभा के सत्र का किया सत्रावसान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा और राज्यसभा के सत्र का सत्रावसान कर दिया है। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून को शुरू हुआ था। इसकी कार्यवाही दो जुलाई को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी। वहीं राज्यसभा का 264 वां सत्र 27 जून से शुरू हुआ था। इसकी कार्यवाही को तीन जुलाई को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। राष्ट्रपति ने दोनों सदनों- लोकसभा और राज्यसभा के सत्र का गुरुवार को सत्रावसान कर दिया। आपको बता दें कि, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई संसदीय मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक में, संसद के दोनों सदनों-लोकसभा और राज्यसभा के सत्र के सत्रावसान का फैसला किया गया।

## हाथरस भगदड़ के पीड़ित परिवारों से मिले राहुल गांधी, दिया मदद का भरोसा

**अलीगढ़ (आरएनएस)।** रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के पिलखना गांव पहुंचे और हाथरस भगदड़ के पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। इस भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी और एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। दिल्ली से सड़क मार्ग से राहुल गांधी अलीगढ़ के पिलखना पहुंचे। यहां वह हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से मिले। राहुल गांधी सबसे पहले मंजू देवी के घर पहुंचे। उनके पति छोटे लाल और परिवार से मुलाकात की। हाथरस हादसे में मंजू देवी और उनके बेटे की मौत हो गई थी। राहुल ने हादसे के बारे में जानकारी ली। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## इस्पात सचिव ने एनएमडीसी के नए अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास केंद्र का दौरा किया



**हैदराबाद (विश्व परिवार)।** इस्पात मंत्रालय के सचिव श्री नागेंद्र नाथ सिन्हा ने आज हैदराबाद के पाटनचेरू में एनएमडीसी के नए अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास केन्द्र (आर एंड डी) का दौरा किया।

इस्पात सचिव ने नवाचारों, सुस्थिर खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी और अनुसंधान और विकास केंद्र के भविष्य के रोडमैप की समीक्षा की। श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी), श्री वी. सुरेश, निदेशक (वाणिज्य), श्री बी. विश्वनाथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी और एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारी उनके साथ उपस्थित रहे। अधिकारियों से बात करते हुए, श्री नागेंद्र नाथ सिन्हा ने कहा कि एनएमडीसी का अनुसंधान और विकास केंद्र खनिज अन्वेषण और विकास के क्षेत्र में एक नया अध्याय जोडेगा, जिससे सुस्थिर और नवीन प्रौद्योगिकी के विकास के अवसर पैदा होंगे। इस अग्रणी अत्याधुनिक सुविधा से भारतीय खनन उद्योग को एक प्रगतिशील दृष्टिकोण प्राप्त होगा जो अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू सहयोग के लिए एक प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करेगा। एनएमडीसी अनुसंधान एवं विकास केंद्र 1970 से खनिज प्रसंस्करण के क्षेत्र में योगदान कर रहा है और घरेलू और वैश्विक उद्योग में अपने ज्ञान और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए इसे यूनिडो और डीएसआईआर दोनों द्वारा उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में मान्यता दी गई है। श्री अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि एनएमडीसी नवाचार को अपनाकर और जिम्मेदार खनन को सशक्त बनाने वाले पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करके अग्रणी रहने का प्रयास करता है। हमारी नई अनुसंधान और विकास सुविधा अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से युक्त है और यह अयस्क बेनीफिशिएशन और खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी में परिवर्तनकारी हस्तक्षेप लाने के लिए प्रतिबद्ध विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा संचालित है। एनएमडीसी का अनुसंधान एवं विकास केंद्र निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों के खनन और धातुकर्म उद्योग की कंपनियों का समर्थन करने के लिए तैयार है, जो विकसित भारत की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेगा।

## जांजगीर जहरीली गैस हादसे में मृतकों के परिजनों को विष्णु सरकार ने की 5-5 लाख रुपए देने की घोषणा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जांजगीर-चांपा के बिर्रा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम किकिरदा में 5 लोगों की दम घुटने से हुई मौत के मामले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मृतक के परिजनों को पांच - पांच लाख रुपए आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने अपने- हैंडल पर इसकी जानकारी देते हुए कहा है कि जांजगीर के ग्राम किकिरदा में कुंए की जहरीली गैस की चपेट में आने से 5 लोगों की दुखद मौत की सूचना मिली थी। इस घटना में मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने की घोषणा करता हूं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लिखा है कि हमारी सरकार पीड़ित परिजनों के हर संभव मदद के लिए तत्पर है। हादसे में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।

गौरतलब है कि जांजगीर जिला स्थित बिर्रा क्षेत्र के किकिरदा गांव में एक पुराना कुआं है। गांव के ही लोगों ने पुरानी लकड़ियों का छप्पर बनाकर कुएं को ढंक दिया था। बारिश और तेज हवा चलने के कारण कुएं के ऊपर बना लकड़ी का छप्पर कुएं के अंदर गिर गया था। जिसे निकालने गांव का एक आदमी कुएं के अंदर गया, जो काफी देर तक वापस नहीं आया। इसके बाद एक-एक कर 4 लोग और कुएं में उतरे और वापस बाहर नहीं आ सके।

## केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने आकांक्षीय विकासखंड गौरेला में संपूर्णता अभियान का किया शुभारंभ

### संपूर्णता अभियान के तहत 6 इंडिकेटर पर शत-प्रतिशत लाएं उपलब्धि : मंत्री तोखन साहू



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री भारत सरकार श्री तोखन साहू ने केन्द्र तथा राज्य शासन की प्राथमिकता वाली आकांक्षी विकासखण्ड के तहत आज गौरेला विकाखण्ड के ग्राम पंचायत सारबहरा में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने संपूर्णता अभियान के तहत नीति आयोग द्वारा निर्देशित 6 इंडिकेटरों पर शत प्रतिशत उपलब्धि लाने कहा। श्री साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संपूर्णता अभियान के सभी इंडिकेटरों को संतृप्त करने के लिए योगदान देकर स्वास्थ्य, समर्थ और समृद्ध ब्लाक-जिला बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रतिज्ञा दिलाई।

केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने कहा कि संपूर्णता अभियान का उद्देश्य आकांक्षी ब्लाक के सभी हितग्राहियों को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए 6 इंडिकेटर पर फोकस किया है। उन्होने संपूर्णता अभियान के तहत नीति आयोग द्वारा निर्देशित 6 इंडिकेटरों पर शत प्रतिशत उपलब्धि लाने कहा। इनमें प्रथम तिमाही के दौरान प्रसवपूर्व देखभाल, लक्षित आबादी में मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच, आईसीडीएस कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं की नियमित रूप जांच और उनको पूरक पोषण वितरण, मृदा परीक्षण और स्व-सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड प्रदान करना शामिल है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जीवन में आये सुखद बदलाव पर आधारित संदेश का प्रसारण भी किया गया।

श्री साहू ने कहा कि जनकल्याण और राष्ट्र विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी प्रतिबद्ध है। उन्होने केबिनेट की पहली बैठक में ही 3 करोड लोगों को आवास देने का निर्णय लिया। साथ ही किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन योजना की राशि, उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्रदाय सहित जनकल्याणकारी की दिशा में लगातार काम कर रहे है। श्री साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संपूर्णता अभियान के सभी इंडिकेटरों को पूरा करने के लिए योगदान देकर स्वास्थ्य, समर्थ और समृद्ध ब्लाक-जिला बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रतिज्ञा दिलाई।

## श्री सद्गुरु प्राकट्य महोत्सव एवं श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी स्थापना दिवस का आयोजन

### यूनिवर्सिटी के उत्कृष्ट कार्य हेतु शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ का प्रशस्ति पत्र द्वारा उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया सम्मान ● रक्तदान एवं नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

### एस.आर.यू. द्वारा संस्कार के साथ-साथ रोजगार उन्मुखी शिक्षा प्रदान करना गर्व की बात : अरुण साव







**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर में यूनिवर्सिटी के 7वें स्थापना दिवस के अवसर पर श्री सद्गुरु प्राकट्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्जवलन एवं महराज श्री को पुष्पार्पण कर किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शाशन के माननीय उप-मुख्यमंत्री श्री अरुण साव उपस्थित रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने की।

मंचस्थ अतिथियों के पुष्पगुच्छ से स्वागत के उपरांत उद्बोधन के क्रम में प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने अपने स्वागत उद्बोधन में युनिवेर्सिटी के संस्थापक अनंतविभूषित श्री रवि शंकर जी महाराज के द्वारा स्वास्थ, सेवा और शिक्षा की राह में अथक प्रयाशों एवं उनके उद्येश का वर्णनं करते हुए बताया की रायपुर में आई.टी.आई इंस्टिट्यूट से श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी तक का सफर निरन्तर अग्रसर है और आज यूनिवर्सिटी 8000 से अधिक स्वदेशी एवं विदेशी विद्यार्थियों के साथ सफलता के नित्य नए प्रतिमान स्थापित कर रही है।

तदुपरांत यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ.सौरभ कुमा शर्मा ने वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रश्तुत करते हुए विविध आयामों में यूनिवर्सिटी की उप्लब्धियुओं पर प्रकाश डालते हुए आई.आई.आर.एफ रैंकिंग में राष्ट्रीय स्तर पर चतुर्थ एवं राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त इमर्जिंग प्राइवेट यूनिवर्सिटी 2024 के गौरवपूर्ण उपलब्धि का उल्लेख किया। इसी क्रम में यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो.एस.के सिंह 7वे स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुणवत्ता रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करना परम पूज्य रावतपुरा सरकार महार जी का धेय रहा है जिसकी प्राप्ति हेतु विश्विद्यालय हमेशा क्रियाशील रहा है।

मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शाशन के माननीय उप-मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि, अपनी स्थापना के 7वे वर्ष में श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने 8000 से अधिक स्वदेशी एवं वेदेशी विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करके वैश्विक स्तर पर नित्य नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। परम पूज्य गुरुदेव श्री रावतपुरा सरकार महाराज की आध्यात्मिक दूर दृष्टि एवं प्रभावी मार्गदर्शन पर कार्य करते हुए इस यूनिवर्सिटी ने युवाओं को नई दिशा एवं नव उत्साह प्रदान किया है।

यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ को माननीय उप- मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किय गया जिसमे श्री शुभम नामदेव (जनसंपर्क अधिकारी), सुश्री शिवांगी शुक्ल (एग्जीक्यूटिव एडमिशन), श्री प्रांतिक आचार्य (लेखा प्रबंधक), श्री महेंद्र कल्यारे (एच.आर.सहायक), श्री अमन सिंह गहरवार (स्टोर इन्चार्ग), डॉ. मिथिलेश सिंह (सह प्राध्यापक), डॉ. आशीष कुमार सरकार (सह प्राध्यापक), डॉ. वीणा देवी सिंह (सह प्राध्यापक), डॉ. कौशल कुमार (सहायक प्राध्यापक), डॉ. इश्वर प्रसाद यदु (सहायक प्राध्यापक), श्री अखंड प्रताप सिंह (सहायक प्राध्यापक), डॉ. सिंदुरा भार्गव (सहायक प्राध्यापक), श्री उत्तम वैष्णव (सहायक प्राध्यापक), श्री राहुल गुप्ता (सहायक प्राध्यापक) सम्मान प्रपात किया।

इसी क्रम में वि.वि में योग के क्षेत्र में इतिहास रचने वाले विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया जिसमे योग विभाग के छाया जैन, ज्योति दीपक, प्रीटी साहू और पुष्प साहू ने इंडो-नेपाल यूथ गेमस 2023 में स्वर्ण और रजत पदक जीत कर श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी को विश्व पटल में गौरवान्वित किया है।

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमे यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने नृत्य के माध्यम से एवं शिक्षकों ने संगीत की माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. सागर साहू द्वारा किया गया और यूनिवर्सिटी के उपकुलसचिव डॉ. कमल कुमार प्रधान ने धन्यवाद ज्ञापन दिया, अंत में डीन एकेडेमिक डॉ.आर.आर.बिराली ने सभी को यूनिवर्सिटी के 7 वे स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यावरण संरक्षण के लिए यह महिला बानी मिसाल, लोगों को करती हैं जागरूक

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक थैली का प्रयोग नहीं करने के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के उद्देश्य से




आज विस्तार न्यूज़ पहुंची थैले वाली आंटी। आपको बता दे की दुनियाभर मे बढ़ रहे कूड़े के बोझ को कम करने के लिए कूड़े को रिसाइकल करने पर खासा जोर दिया जा रहा है। यह थैले अपने हाथों से तैयार कर लोगों को निशुल्क वितरित भी करती हैं। उनका मकसद है कि लोग प्लास्टिक के थैले को छोड़कर कपड़े से बने हुए थैले का इस्तेमाल करें ताकि धरती पर प्लास्टिक के बोझ को कम किया जा सके। उनका सपना था कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर कुछ काम किया जाए. शहर को पॉलिथीन मुक्त बनाया जाए. ताकि पॉलिथीन की वजह से चोक होने वाली नालियों की समस्या से लोगों को निजात मिले. धरती पर बढ़ रहा कूड़े का बोझ भी कम हो। विस्तार न्यूज़ की तरफ सा आज यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमे उन्होंने प्लास्टिक से बने बैग्स को यूज़ न करने और कपड़ो सा बैग्स को यूज़ करने की सलह दी। उन्होंने बताया की शहर के कपडा वयापारियों और टेलरों से उन्हें इसके उत्पादन करने में सहयता मिलती है। विस्तार न्यूज़ की टीम को उन्होंने हाथों से बने थैले को वितरित कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेह दिया।

### महिलाओं को कानूनी मदद देगा हेल्प लाइन नंबर-181

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** संकटग्रस्त महिलाओं की सहायता हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही आपातकालीन सेवा हेल्पलाइन नंबर 181 है जो 24 घंटे सातों दिन कार्यरत है। जिस पर कोई भी महिला, जो किसी प्रकार की शारीरिक, मानसिक, या यौन प्रताड़ना का शिकार है, कॉल कर सकती है। महिला हेल्पलाईन पीड़ित महिला की शिकायत को सुनकर प्रकरण के तर्कसंगत समाधान हेतु प्रयास करती है। इस हेतु वह राज्य के सभी जिलो के सखी वन स्टाप सेंटर, संबंधित थाना एवं आपातकालीन स्थिति में 112 से समन्वय स्थापित करती है। महिला हेल्पलाईन किसी भी संकटग्रस्त महिला की सहायता हेतु टोल फ्री नंबर है। इस नंबर पर कॉल कर महिला 24 घंटे सातों दिन मदद ले सकती है। कोई भी महिला जो किसी भी प्रकार की शारीरिक मानसिक प्रताड़ना से ग्रस्त है, वह इस नंबर पर कॉल कर सकती है।

## आईसीआईसीआई प्रू आईप्रोटेक्ट स्मार्ट में मिलता है लाइफ कंटिन्यूटी का विकल्प

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कमाने वाले हर व्यक्ति के अपने वित्तीय लक्ष्य होते हैं, जैसे घर खरीदना, बच्चों की शिक्षा के लिए धन जुटाना या रिटायरमेंट के लिए बचत करना। लेकिन जीवन अप्रत्याशित है और कमाने वाले सदस्य की असामयिक मृत्यु किसी के भी वित्तीय लक्ष्यों को बाधित कर सकती है और परिवार को वित्तीय संकट में डाल सकती है।

आम तौर पर यही माना जाता है कि लोगों को एक सामान्य नियम के तौर पर पहले सुरक्षा और फिर बचत के दृष्टिकोण का पालन करना चाहिए। वितीय बचत की योजना बनाने के लिए टर्म इंश्योरेंस प्लान खरीदने को सबसे बेहतर विकल्प माना जाता है। इसका कारण सरल है कि यदि कमाने वाले सदस्य की मृत्यु हो जाती है, तो परिवार बचत योजना को कैसे जारी रखेगा। आदर्श रूप से जीवन बीमा को सभी बकाया देनदारियों को कवर करना चाहिए और परिवार के जीवन को जारी रखने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले टर्म इंश्योरेंस प्रोडक्ट आईसीआईसीआई प्रू आईप्रोटेक्ट स्मार्ट में लाइफ कंटिन्यूटी का विकल्प भी देता है। यह सुविधा परिवार को मासिक आय के रूप में क्लेम राशि प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। यह उन परिवारों के लिए बहुत उपयोगी है, जो एकमुश्त क्लेम राशि को मैनेज करना नहीं जानते हैं।

एक और मूल्यवान अतिरिक्त लाभ गंभीर बीमारी से जुड़ा नाम है, जिसे लिया जाना चाहिए। अध्ययनों से पता चलता है कि लगभग 10 करोड़ भारतीय परिवार हर साल स्वास्थ्य सेवा खर्च के कारण गरीबी में चले जाते हैं। मामूली अतिरिक्त प्रीमियम के लिए आईप्रोटेक्ट स्मार्ट गंभीर बीमारी लाभ प्रदान करता है, जो कैंसर, किडनी फेलियर, न्यूकेमिया, पार्किंसंस जैसी 34 बीमारियों को कवर करता है। इस प्लान के तहत गंभीर बीमारी लाभ निदान पर दावे का भुगतान किया जाता है। इस तरह यह सुनिश्चित किया जाता है कि व्यक्तियों के पास चिकित्सा उपचार के लिए पर्याप्त फाइनेंस है।

दावा निपटान अनुपात और औसत दावा निपटान समय की जाँच करना दो महत्वपूर्ण बिंदु हैं, जिन पर लोगों को टर्म इंश्योरेंस प्लान खरीदने से पहले विचार करना चाहिए। वित्त वर्ष 2024 में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ का दावा निपटान अनुपात (गैर-जाँच) 99.17 प्रतिशत था और औसत निपटान समय केवल 1.27 दिन था।

परिवार के प्रति जिम्मेदारी को पूरा करना उनके भविष्य को सुरक्षित और बेहतर बनाए रखना हर व्यक्ति की प्रतिबद्धता है। कई वित्तीय विशेषज्ञ इस बात से सहमत हैं कि टर्म इश्योरेंस जिम्मेदार वित्तीय नियोजन की नींव है।

## भुगतान रोकने के बाद भी प्रगति नहीं लाने वाले एजेंसी होंगे ब्लैकलिस्टेड

### कलेक्टर दीपक सोनीने की जल जीवन मिशन अंतर्गत एजेंसियो के कार्यो की समीक्षा

### कमजोर कार्य निष्पादन पर कोऑर्डिनेटर को नोटिस




**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने जिले में जल जीवन मिशन कार्य के लिए अनुबंधित एजेंसियो की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। उन्होने सभी एजेंसियो के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कम प्रगति वाले एजेंसी की भुगतान रोकी जाएगी, इसके बाद भी सुधार नही लाने पर एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड की जाएगी।उन्होने कमजोर फिल्ड वर्क के कारण हेल्प एंड हेल्प एजेंसी के कोऑर्डिनेटर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक के दौरान एजेंसियों के कार्य की जमीनी हकीकत जानने फिल्ड पर काम कर रहे कर्मचारियों से सीधे फोन पर बात कर जानकारी ली और जरुरी निर्देश दिए। उन्होने सभी एजेंसियो से प्रतिदिन किये गए कार्य की रिपोर्ट जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होने ऐसे एजेंसी जिनके पास आवंटित गांव की संख्या अधिक और कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण कार्य की प्रगति बहुत धीमा है उनसे गाँव की संख्या कम कर बेहतर प्रगति वाले एजेंसी को देने कहा। कलेक्टर ने कहा कि सभी एजेंसी गुणवत्तापूर्ण काम करें, अब तक जो काम अधूरे है उसे जल्द पूरा करें तथा पाईप बिछाने खोदे गए गड्ढों को ठीक करें। उन्होंने कहा कि सभी जल स्रोतों का टेस्टिंग किट से जल की गुणवत्ता जाँच एवं क्लोरीनिकरण करें। जल जीवन मिशन में सबसे पहले गुणवत्तापूर्ण कार्य हो उसके बाद ग्रामवासियों को यूजर चार्ज के लिए प्रोत्साहित करें। बरसात के मौसम में जलजनित बीमारियों से बचने सभी गांव में बैठक लेकर लोगों को समझाईश दें कि पानी उबालकर ठंडा होने के बाद पीने के लिए उपयोग में लाएं। बताया गया कि विकासखंड बलौदाबाजार में एजेंसी उपवन महिला बालविकास को 146 गाँव, पलारी में एजेंसी हेल्प एंड हेल्प को 132 गाँव, भाटापारा में एजेंसी कामगार फाउंडेशन को 108 गाँव, कसडोल में एजेंसी विकास आशा सेवा समिति को 117 एवं प्रतीक्षा को 110 गांव कार्य करने हेतु आवंटित किया गया है।

## खाद्य विभाग की टीम ने दुकानों और होटलों का किया औचक निरीक्षण, अमानक खाद्य सामग्री भी कराई नष्ट

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर बारिश के मौसम में खाद्य पेयजल जनित बीमारियों से जन सामान्य के बचाव हेतु होटल एवं रेस्टोरेंट तथा फल भंडारो की जांच की गई। इस दौरान खाद्य विभाग के टीम द्वारा जिला मुख्यालय के 8 दुकानों को नोटिस जारी करते हुए वहां से बरामद किए अमानक खाद्य सामग्रीयों को मौके पर नष्ट किया गया। जिसमें जांच के दौरान देवांगन होटल से लगभग 2 किलोग्राम बासी पोहा व बालूशाही, बरकाती बिरयानी के 2 किग्रा. चिकन फ्राई में डस्ट, सोनी होटल के लगभग 5 किलोग्राम बालूशाही में डस्ट, केजीएन बिरयानी में लगभग 3 किलोग्राम चिकन फ्राई में डस्ट पार्टिकल पाया गया। इसी तरह जायका रेस्टोरेंट के वेज और नॉनवेज खाद्य पदार्थों का उचित रख रखाव नहीं पाया गया। साथ ही यादव होटल में खाद्य पदार्थों को खुले में बेचना पाया गया, उपरोक्त सभी खाद्य पदार्थों को तुरंत नष्ट कराया गया। इसी तरह किशन फल भण्डार, जयफल भंडार में भी फलों की जांच की गई। इस दौरान फलों को नियमानुसार पकाया जाने की हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान सभी को खाद्य पदार्थों के सही रख-रखाव पीने के पानी का साफ बर्तन में भण्डारण करने, खाद्य पदार्थ को मक्खी से बचाव हेतु ढक कर रखने, अखबार पेपर का उपयोग नही करने, तेल में तीन बार से अधिक नहीं तलने, एक्पाइयरी डेट वाले खाद्य पदार्थों का उपयोग नहीं करने एवं साफ-सफाई रखने की निर्देश दिए गए है। उक्त जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा के द्वारा दी गई है।

## छत्तीसगढ़ में पोषण ट्रेकर की मदद से कुपोषित बच्चों की अब सघन निगरानी

**ट्रेकर की दक्षता 16 से 95 प्रतिशत तक पहुंची, 22.5 लाख बच्चों की जानकारी हो रही अपडेट**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के बाल रोग विभाग के प्रयासों से प्रदेश में कुपोषित बच्चों की निगरानी पोषण ट्रेकर एप की मदद से 16 प्रतिशत से बढ़कर 95 प्रतिशत तक पहुंच गई है। अब सभी बच्चों की जानकारी विभिन्न मापदंड़ों पर एक क्लिक में उपलब्ध है। इससे इन कुपोषित बच्चों को संतुलित पोषण प्रदान करने में काफी मदद मिल रही है। प्रदेश में ऐसे 22.5 लाख बच्चे हैं जिनकी पोषण संबंधी जानकारी अब नियमित रूप से अपडेट की जा रही है।

एम्स में बाल रोग विभाग के अंतर्गत स्थापित %स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर न्यूट्रीशन इंटरवेंशन्स% की मदद से यह संभव हो सका है। सेंटर के कार्यक्रम निदेशक प्रो. अनिल कुमार गोयल ने बताया कि टेलीमॉनीटरिंग और टेलीमेंटरिंग की मदद से वर्ष 2023 में 106 न्यूट्रिशन रिहेब्लिटेशन सेंटर्स की टेली मॉनीटरिंग की गई। इसके साथ ही प्रदेश में 57 से अधिक सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों की टेली मेंटरिंग की जा रही है। इसमें प्रमुख रूप से बच्चों के पोषण से जुड़े चिकित्सकों और आंगनवाड़ी कार्यक्रत्रियों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान कर पोषण ट्रेकर पर सही जानकारी प्रदान करने के बारे में बताया जा रहा है।

इसके परिणामस्वरूप 1100 आंगनवाड़ी सेंटर्स और 22 हजार से ज्यादा आंगनवाड़ी कार्यक्रत्रियों को पोषण ट्रेकर और कम्युनिटी बेस्ड मैनेजमेंट ऑफ सिवियर एक्यूट मॉलन्यूट्रिशन प्रबंधन कार्यक्रम के साथ जोड़ा गया है। बच्चों के कुपोषण के विभिन्न मापदंड़ों पर अब सटीक जानकारी इस सेंटर के पास उपलब्ध हो पा रही है। जनवरी 2023 से अब तक 208 बच्चों को चिन्हित किया गया है जो कुपोषण या अति कुपोषण का शिकार हैं। प्रयास किया जा रहा है कि प्रदेश में 14000 से ज्यादा कुपोषित बच्चों की नियमित निगरानी की जा सके। इस संबंध में यूनीसेफ और एम्स के मध्य बैठक आयोजित की गई। इसमें कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) और यूनिसेफ के प्रदेश प्रमुख (कार्यकारी) विलियम हैंलोन जूनियर ने भविष्य की परियोजनाओं पर चर्चा की। श्री जिंदल ने प्रदेश स्तर पर पोषण संबंधी विस्तार कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए बाल रोग विभाग और यूनिसेफ की सराहना की। उन्होंने कहा की संस्थान आदिवासियों की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही इस परियोजना की सफलता को अन्य राज्यों के साथ साझा करने और राष्ट्रीय स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर अनुभव को अन्य चिकित्सकों को भी लाभान्वित करने पर सहमति बनी।

## आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024 : स्वार्थ सिद्ध हो जाने के बाद व्यक्ति एक गिलास पानी भी नहीं पूछता : श्री विरागमुनि जी महाराज

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जैन संत श्री विरागमुनि जी का रायपुर प्रवेश हो चुका है और वे जिनवाणी की वर्षा करते हुए शहर के श्रावक-श्राविकाओं को लाभान्वित कर रहे हैं। जिनवाणी की वर्षा के क्रम में शुक्रवार को दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनिजी के श्रीमुख से विवेकानंद नगर में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने प्रवचन का लाभ लिया। रायपुर शहर में चल रहे प्रवचन की श्रृंखला के दौरान उन्होंने कहा कि धर्म को सुनने से कल्याण होना ही होना है। आज बच्चे मोबाइल में व्यस्त हैं और उन्हें मंदिर और उपाश्रय लाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। प्रवचन के दौरान केवल आज 50 से 55 के उम्र वाले ही धर्म करने आते हैं। आज हम बच्चों को धर्मस्थलों तक नहीं ला पा रहे हैं, कारण यह है कि हमने व्यवस्था नहीं बनाई है। हमें बचपन से ही बच्चों के अंदर यह बीज बोना है तब जाकर के कुछ बात बनेगी। जबकि आज के समय में बच्चों और हमारे बीच में एक गैप आता जा रहा है। यह गैप बहुत ही हानिकारक हो सकता है क्योंकि यह गैप कुछ दिनों का नहीं, कुछ सालों का नहीं यह जेनरेशन गैप है, एक-एक पीढ़ी का गैप हमारे बीच कितना स्पेस बढ़ाता है, आप कभी सोच भी नहीं सकते हो।



मुनिजी ने आगे कहा कि आप कभी भी टीवी देख लीजिए, किसी भी दिन अखबार उठाकर पढ़ लीजिए ऐसी खबरें आपको कहीं ना कहीं दिख ही जाएंगी। ऐसा कौन सा रिश्ता है जो आज की डेट में पवित्र है। केवल मां और संतान का ही रिश्ता एक अद्भुत रिश्ता होता है जिसे भी आज तार-तार किया जा रहा है। आपने देखा होगा कि अबॉर्शन तो अब बहुत ही सामान्य सी बात हो चुकी है, यहां तो बच्चे के पैदा होने के बाद भी उसे मार कर फेंक दिया जाता है। आज तो स्वार्थ पूरा हुआ नहीं की लोग एक दूसरे को भूल जाते हैं जैसे कि दूध में गिरी मक्खी। ऐसा कभी भी आपके साथ हो सकता है, जिस दिन स्वार्थ पूरा हो जाता है उसे दिन आपको कोई एक गिलास पानी भी नहीं पूछेगा। फिर भी आप मैं-मैं-मैं और मेरा-मेरा-मेरा का रट लगाए हुए हो जबकि आपका आज कुछ भी नहीं है, आप खत्म यानी दुनिया खत्म। कुछ भी आपके साथ नहीं जाने वाला है तो फिर काहे का अहम। आज हम भौतिक रूप से अच्छा काम तो कर रहे हैं पर आध्यात्मिक रूप से अच्छा करने का हमारे पास कोई लक्ष्य नहीं है। हम केवल स्वार्थ की पूर्ति के लिए ही कर्म किए जा रहे हैं।

मुनिजी कहते है कि आज कई ऐसे संत भी हैं जिन्होंने केवल एक बार धर्म को सुनकर वैराग्य जीवन में प्रवेश कर लिया है लेकिन आपके कान में जू नहीं रेंग रही है। हर साल चातुर्मास आता है हर साल कहीं ना कहीं धार्मिक आयोजन होते हैं, कथाएं होती हैं और आप वहां जाते हैं, उसके बाद भी आप में कोई फर्क नहीं दिखाई दे रहा है। जब-जब धार्मिक आयोजन होते हैं तब तब आपके मन में हर्ष और आनंद रहता है लेकिन साथ में एक दुख भी रहता है कि जब तक यह धर्म का आयोजन चलेगा तब-तब हम अपने मन का कुछ खा-पी नहीं पाएंगे। अब आप खुद ही सोच लीजिए कि आपको कब यह भव दोबारा मिलेगा, ऐसा मौका फिर कब मिलेगा कि आप मोक्ष को प्राप्त कर लो। आत्मस्पर्शी चातुर्मास समिति 2024 के प्रचार प्रसार संयोजक नीलेश गोलछा और तरुण कोचर ने बताया कि जिनवाणी की वर्षा के क्रम में 06 और 07 जुलाई को विवेकानंद नगर में सुबह 8.45 से 9.45 बजे मुनिश्री का प्रवचन होगा। आप सभी से निवेदन है जिनवाणी का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर**
**प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर**
**फोन नं.-0771-4016094**
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com

**// आम-सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मण्डल द्वारा निर्मित दीनदयाल आवास योजना **गातापार,** रायपुर में **भवन क्रमांक एल.आई.जी.-51, श्रीमति मीनाक्षी कन्नौजिया पति श्री राकेश कन्नौजिया,** के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक **30.09.2021** को सेलडीड (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्रीमति मीनाक्षी कन्नौजिया पति श्री राकेश कन्नौजिया,** निवासी- 13-14, शक्ति विहार, रिसली, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को **क्रेता श्री युगल किशोर भट्ट पिता स्व.श्री परस राम भट्ट,** निवासी- फारेस्ट कॉलोनी, माना बस्ती, रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र **( एन.ओ.सी )** प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

दीनदयाल आवास योजना गातापार रायपुर में **भवन क्रमांक एल.आई.जी-51,** के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना**
**नवा रायपुर, अटल नगर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
**प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone4@gmail.com**

पत्र क्र./12305/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 02-07-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12305**
**वार्ड का नाम- 57-पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR447E00070** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SURESHCHAND PREMJI BHAI KHAKHARIA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PREMJI BHAI KHAKHARIA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **अशोक कुमार जैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. डी.सी. जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

पत्र क्रं./12808/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 05-07-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12808**
**वार्ड का नाम- 36 - हवलदार अब्दूल हमीद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR436M0027A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MOHAMMED SALIM QURESHI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHEKH MASTAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती मेहजबीन बेगम** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति- श्री हातिम खान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 2 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /12807/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 05-07-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12807**
**वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801N0667E** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUDHIR KAMESHWAR SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KAMESHWAR SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SANTOSH KUMAR SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMNATH SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /12799/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 04-07-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12799**
**वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801L01613** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **AVINASH DEVOLOPERS PVT. LTD.** पिता/पति, श्री/श्रीमती ........ के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MOHNISH SINGHANIA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHIV KUMAR SINGHANIA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

पत्र क्र. /12840/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 05-07-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12840**
**वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801L00558** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ASHOK RAO SOLANKI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. LT KUSHAL RAO SOLANKI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAMSARAN SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NATHU RAM SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 8 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 232 दिनांक 05.07.2024**
**वार्ड का नाम- स्वामी विवेकानंद वार्ड**
**वार्ड क्र. 4 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **4** मांग **पंजी क्र. 231 युआईडी 11659** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **कुंजलाल पाल/ झादुराम पाल** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **जंतु पाल/ संतोष पाल** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **04-08-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 230 दिनांक 05.07.2024**
**वार्ड का नाम- मां शीतला वार्ड**
**वार्ड क्र. 16 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 16 मांग **पंजी क्र. 1458 युआईडी 37702** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **बसंती साहू/ यशवंत साहू** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **राजीव कुमार सिंह/ रामचन्द्र सिंह** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **04-08-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 231 दिनांक 05.07.2024**
**वार्ड का नाम- मां शीतला वार्ड**
**वार्ड क्र. 16 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 16 मांग **पंजी क्र. 1456 युआईडी 37700** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **अमरीका साहू/ भरत साहू** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **1. मुन्नी देवी सिंह/ प्रभाकर कुमार सिंह 2. प्रभाकर कुमार सिंह/ रविन्द्र कुमार सिंह 3. प्रवीन कुमार सिंह/ रविन्द्र कुमार सिंह** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **04-08-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

# अब नहीं टपकता बारिश का पानीए विद्यार्थियों की दूर हुई परेशानी

## अब नहीं टपकता बारिश का पानीए विद्यार्थियों की दूर हुई परेशानी

### स्कूल जतन से संवर गए पांच सौ से अधिक विद्यालय

### पीवीटीजी के 129 बेरोजगारों को स्कूलों में मिली नियुक्ति

### 118 पदों पर भी नियुक्त होंगे विशेषज्ञ शिक्षक



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कुछ समय पहले की बात हैए वनांचल के इस विद्यालय में कक्षा पांच में पढ़ाई करने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार की पहाड़ी कोरबा रत्नी बाई और कक्षा चार में पढ़ने वाले सुनील को भलीभांति याद है कि जब भी बारिश होती थीए उनके स्कूल की छतों से अकस्मात कहीं पर से भी पानी टपकने लग जाता था। बारिश के साथ शुरू हुई इस परेशानी से बचने उन्हें ही नहींए स्कूल के सभी विद्यार्थियों को इधर.उधर भाग कर अपनी कॉपी.किताबे और खुद को भीगने से बचाने जद्दोजेहद करनी पड़ती थी। कमोवेश अब यह स्थिति नहीं है। बारिश चाहे जितनी भी जोर से और जितनी भी देर से ही क्यों न हो घ् छत से न तो पानी टपकता है और न ही उन्हें अपनी कॉपी.किताबों को भीगने से बचाने के लिए इधर.उधर भागना पड़ता है। स्कूल भवन का जीर्णोद्धार हो जाने से कक्षाएं भी बेरोकटोक संचालित होती है। जिले में पांच सौ से अधिक ऐसे विद्यालय हैए जिनकी मरम्मत हाल ही में की गई है और बारिश के दिनों में परेशानी झेलने वाले विद्यार्थियों को राहत पहुचाई गई है। कोरबा जिले के अंतर्गत ग्राम छातासरई पहाड़ी कोरवाओं का एक मुहल्ला है। मुख्यमार्ग से दूर वनांचल व उचाई पर स्थित इस गांव में पहाड़ी कोरवाओं को शिक्षा से जोड़कर उन्हें विकास की राह में आगे बढ़ाने विद्यालय संचालित किया जा रहा है। यहां अध्ययन करने वाले सभी विद्यार्थी पहाड़ी कोरवा जनजाति से ही है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में स्थित इस स्कूल भवन की स्थिति पहले जर्जर होने के साथ ही विद्यार्थियों के लिए भी मुसीबत भरी थी। विद्यालय के शिक्षक परदेशी राम का कहना है कि स्कूल भवन की मरम्मत होने के बाद अब छत से पानी नहीं टपकता। कक्षा पांचवी में पढ़ाई करने वाल पहाड़ी कोरवा बालिका रत्नी बाई ने बताया कि पहले पानी गिरते ही फर्श गीला हो जाता था। रात्रि में पानी गिरने के बाद सुबह फर्श पर पानी भरा रहता था। जिससे उन्हें बैठने में भी परेशानी होती थी। कक्षा चौथी के छात्र सुनील ने बताया कि जब से स्कूल के भवन को मरम्मत कराया गया हैए उन्हें कक्षा में बैठने में कोई परेशानी नहीं उठानी पड़ती। विद्यालय में पढ़ने वाली अनिताए ओम कुमार का भी कुछ यहीं कहना है। यहां पढ़ने वाले सभी छात्रों ने बताया कि उन्हें स्कूल में कॉपी.किताबें भी मिल गई है। ड्रेस भी दिया गया है। दोपहर को भोजन भी मिलता है। उन्हें अपना स्कूल अच्छा लगता है। प्राथमिक शाला चुईयाए कोरईए सोनगुढ़ा के विद्यार्थियों ने भी बताया कि उन्हें कॉपी.किताबए स्कूल ड्रेस मिलने की बहुत खुशी है। उल्लेखनीय है कि कोरबा जिले में कुल 536 स्कूलों का जीर्णोद्धार पूर्ण कर लिया गया हैए जबकि 64 विद्यालयों में जीर्णोद्धार का कार्य प्रगतिरत है।

# महतारी वंदन योजना से महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त

### हर माह खाते में राशि जमा होने से महिलाओं को वित्तीय सुरक्षा होती है महसूसः हितग्राही मती गीता

**कोरबा(विश्व परिवार)।** महिलाओं को वित्तीय रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जनहितैषी छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को 1000 रुपए की आर्थिक मदद हर महीने सीधे डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में प्राप्त होती है। जिससे महिलाएं स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ सकें एवं अपनी सेहत एवं आर्थिक स्थिति में सुधार कर पाएं। पूरे राज्य की तरह जिले में भी इस योजना का सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है। कोरबा विकासखण्ड के कोरकोमा की रहने वाली मती गीता नायक ने योजना की प्रषंसा करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है। योजना से मिलने वाली राशि जरूरतमंद महिलाओं के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बनी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह खाते मे 1000 रुपए मिलने से महिलाओं को अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करने में आसानी होती है। हितग्राही मती नायक ने कहा कि उनके पति नीलांबर नायक खेती का कार्य करते है। विगत 5 माह से उन्हें योजना के तहत राशि प्राप्त हो रही है। जिसका उपयोग वे अपने एवं अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने, बच्चों के अध्यापन कार्य तथा उनके लिए पौष्टिक भोजन के व्यवस्था करने में करती है। साथ ही राशनकार्ड से उन्हें निर्धारित दर पर खाद्यान्न भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि हर माह खाते में राशि जमा होने से महिलाओं के आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी हो रही है। साथ ही उन्हें एक प्रकार की वित्तीय सुरक्षा महसूस होती है। जिससे वे निर्भिक होकर प्रसन्नचित हृदय से अपने नैतिक व पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर पाती है। उन्होंने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के लिए उपयोगी एवं लाभप्रद बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# घर में घुसकर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को थाना रामानुजनगर ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** दिनांक 01.07.2024 को ग्राम भुवनेश्वरपुर निवासी रामसुभग साहू ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28-29 जून 2024 के दरम्यिानी रात्रि को इसके घर में घुसकर कोई अज्ञात चोर के द्वारा मोबाईल, 3 बोरी महुआ व 1 नग टूल्लू पंप चोरी कर ले गए है। रिपोर्ट पर चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने चोरी की घटना पर अंकुश लगाने एवं वारदात को अंजाम देने वाले चोर की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के कड़े निर्देश दिए। मामले की विवेचना के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति टूल्लू पम्प बेचने के लिए सूरजपुर की ओर जा रहा है। पुलिस ने प्राप्त सूचना के आधार पर घेराबंदी कर नारायणपुर से उस व्यक्ति को टूल्लू पंप सहित पकड़ा उस व्यक्ति ने अपना नाम घिरेन्द्र सिंह बताया। पूछताछ पर उसने बताया कि वह अपने साथी महेश चौबे व बैजू कुर्रे के साथ मिलकर मोबाईल, महुआ व टूल्लू पंप चोरी कर आपस में बाट लिये है, जिसके बाद पुलिस ने 2 और आरोपी को दबिश देकर पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का 1 मोबाईल, 3 बोरी महुआ, टूल्लू पम्प कुल कीमत 15 हजार रूपये का बरामद कर आरोपी घिरेन्द्र सिंह पिता रामलखन उम्र 23 वर्ष, महेश चौबे उर्फ उमेश पिता सुरेन्द्र कुमार उम्र 27 वर्ष ग्राम भुवनेश्वरपुर व बैजू कुर्रे पिता रामलखन उम्र 34 वर्ष ग्राम नारायणपुर, थाना रामानुजनगर को गिरफ्तार किया है।

# आदिम जाति मंत्री रामविचार नेताम ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

**कोरबा(विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन भी बात कार्यक्रम में देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने के आह्वान के तहत छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति व अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री रामविचार नेताम ने विगत दिवस कोरबा जिले के विकासखण्ड पाली के फारेस्ट रेस्ट हाऊस में अपने लघु प्रवास के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण से जोडने के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की। साथ ही सभी स्कूलों छात्रावास, आश्रमों, अस्पतालों एवं आंगनबाडियों में भी अभियान चलाकर वृहद स्तर पर पौधरोपण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान मंत्री नेताम ने जिले में आदिम जाति विकास विभाग अंतर्गत विभागीय योजनाजों के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से पाली विकासखण्ड के यथासंभव विकास के संबंध में भी चर्चा हुई। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग कांत कसेर, जनपद सीईओ पाली भूपेन्द्र सोनवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने भी एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण कर जिलेवासियों से पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया।

# जिले में राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने पेड़ लगाकर एक पेड़ अपनी मां के नाम अभियान की शुरुआत

### सभी स्कूलों, हॉपिटल एवं आंगनबाड़ी में अभियान चलाकर किया जाएगा वृहद वृक्षारोपण

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात में देशवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने के आह्वान पर आज राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में नीम पेड़ लगाकर जिले में अभियान की शुरुआत किया.उक्त कार्यक्रम का आयोजन वनमंडल बलौदाबाजार के द्वारा किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल,कलेक्टर दीपक सोनी,डीएफओ मयंक अग्रवाल,वरिष्ठ नागरिक विजय केसरवानी ने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम पर रोपण किया। श्री वर्मा ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने की अपील की है। इसके साथ ही जिले सभी स्कूलों,हॉस्पिटल एवं आंगनबाड़ी में अभियान चलाकर वृहद वृक्षारोपण करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। श्री वर्मा ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम के आह्वान से बच्चों का पर्यावरण से जुड़ाव बढ़ेगा। इसमें पालकों और शिक्षकों को शामिल करने से निश्चित ही बड़े पैमाने पर पौध रोपण हो सकेगा। चूंकि सभी मां के नाम पर पेड़ लगाएंगे अतएव इसकी रख-रखाव भी बड़ी जिम्मेदारी से हो सकेगी। ऐसे स्कूल जहाँ अहाता है,उनके किनारे-किनारे छायादार पेड़ जैसे नीम, गुलमोहर, करंज,अशोक,अर्जुन आदि लगाये जाने कहा है। विद्यार्थी,शिक्षक तथा पालक अपने द्वारा लगाए गए पौधे का वृक्ष बनते तक पालन पोषण एवं सुरक्षा करेंगे। पौधारोपण हेतु उचित ऊँचाई के पौधे वन विभाग से प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करने कहा गया है। पौधारोपण हेतु उचित मापदण्ड के गड्ढे कराने तथा आवश्यक मात्रा में मिट्टी एवं खाद स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने कहा गया है। पौधारोपण शाला प्रवेश उत्सव के दौरान किया जाएगा। विद्यालयों में पौधारोपण के दौरान जन प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। पौधारोपण के समय शिक्षक एवं छात्र- छात्राओं से पौधों को सुरक्षित रखने बाबत् शपथ ग्रहण भी कराएं जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# कलेक्टर ने कोरबा विकासखण्ड के विभिन्न स्कूल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

### शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता लाने हेतु शिक्षकों को दिए निर्देश



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आज कोरबा विकासखण्ड के विभिन्न शासकीय संस्थानों प्राथमिक शाला पहंदाए स्वामी आत्मानंद स्कूल तिलकेजाए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलकेजा एवं कोरबा.चांपा राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों का निरीक्षण कर सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता लाने के लिए शिक्षकों को समय पर उपस्थित होकर अध्यापन कार्य करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने कोरबा चाम्पा राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग में प्रभावित मड़वारानी मंदिर को अन्य जगह स्थानांतरित करने के संबंध में मंदिर समिति के सदस्यों से चर्चा की। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा ग्राम पहंदा के प्राथमिक शाला में शिक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय में छात्रों की दर्ज संख्याए उपस्थितिए गणवेश व पाठ्य पुस्तक वितरणए मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी शिक्षकों को विद्यालय में समय पर उपस्थित होकर अध्यापन कराने के निर्देश दिए। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा स्कूल में शौचालय निर्माण की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर ने स्कूल परिसर में डीएमएफ से शौचालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा। कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिलकेजा पहुँच कर स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र के ओपीडी कक्षए दवाई कक्षए भंडार कक्षए विभिन्न वार्डों का अवलोकन करते हुए परिसर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने केंद्र में आने वाले मरीजोंए डॉक्टर की उपस्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए मरीजों को प्रदाय की जाने वाली भोजन व्यवस्था तथा महिला मरीजों हेतु डिलीवरी रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# गोबर गैस के लिये बने टैंक में गिरी किशोरी, मौत

**अकलतरा(विश्व परिवार)।** गोबर गैस बनाने के लिए बनाये गये टैंक में गिरने से युवती की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम बरगंवा निवासी विनीत यादव ने गोबर से गैस बनाने के लिए बायोटैंक बनवाया था। घटना के संबंध में सहायक उप निरीक्षक सियाराम यादव ने बताया कि मृतका के परिजनों द्वारा सूचना दी गई कि अंजली कुमारी यादव उम्र 17 वर्ष पिता विनीत यादव की चप्पल बायोगैस टंकी के पास मिली है किन्तु युवती की जानकारी नहीं मिल पा रही है। उन्होंने टंकी में डूबने की आशंका व्यक्त की। सूचना मिलते ही पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचा तथा टंकी में जमा गोबर पानी को साफकरवाने पर युवती का शव मिला जिसे निकालकर पंचनामा पश्चात पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शव सौंपा।

## संक्षिप्त समाचार

### बीइओ आफिस में फार्म सोलह पाने भटक रहे कर्मचारी

**जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)।** शिक्षा विभाग का कार्यालय पटरी मे नही आ पा रहा है। अकलतरा में शिक्षकों व कर्मचारियों को लोन वगैरह लेने के लिए आपरेटर के द्वारा फार्म सोलह के लिए भटकाया जा रहा है। वही अवकाश लेखा की एण्ट्री नही होने से ब्लाक के संकुल समन्वयकों के साथ दर्जन भर बाबूओ को प्रभारी बीइओ ने नोटिस भी थमा दिया है। कुल मिलाकर बीईओ अकलतरा का कार्य अनमने रूप से संचालित हो रहा है। एक ओर स्कूलो के पट खुलने से शिक्षा व्यवस्था को पटरी मे लाने की कवायदे शुरू हो रही है। वही अकलतरा में शिक्षा विभाग के ब्लाक कार्यालय में अव्यवस्था का आलम है। कार्यालय से आए दिन कम्प्यूटर सेट के साथ कप, इंडक्शन चोरी हो रहे है। वही समय सीमा के भीतर कोई भी कार्य समय पर संचालित नहीं हो पा रहा है जिससे स्थिति नियंत्रण से बाहर है। पूर्णकालिक बीईओ की नियुक्ति नही होने से परेशानी हो रही है। अकलतरा ब्लाक मे प्रभारी बीईओ के सहयोग के लिए कोई एबीईओ भी नही है, जिसके कारण प्रभारी बीईओ को अकेले ही सारे कार्य सम्हालना पड़ रहा है जिससे कार्यालय का कार्य पटरी पर नही आ पा रहा है।

### शराब दुकान के पास मिली युवक की लाश

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र के देशी शराब दुकान के पास एक युवक की अज्ञात कारणों से मौत हो गई है । मामले की जानकारी होने के बाद कुसमुंडा पुलिस वैधानिक कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है । फिलहाल मौत प्रथम दृष्टि शराब के अत्यधिक नशे को माना जा रहा है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना क्षेत्र में उस समय लोगो मे हड़कम्प मच गया जब कुछ लोगो ने अपने काम के सिलसिले में कुसमुंडा देशी शराब दुकान की ओर गए थे । जंहा लोगो ने एक लगभग 30.35 वर्षीय युवक को अचेत अवस्था मे देखा पहले शराब के नशे में सोये होने का संदेह जताया जा रहा था । लेकिन काफी देर होने के बाद भी उसके शरीर में कोई हलचल नही होने के कारण अनहोनी की आशंका जताते हुए उसके करीब जाकर देखा तो युवक की सांसें नही चल रही थी । जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई । सूचना पर पहंची पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर उनकी शिनाख्त का प्रयास किया गया । बताया जा रहा है कि मृतक कोरबा के पम्प हॉउस का रहने वाला है जो अपनी मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 12 बीएल 1349 में कुसमुंडा आया हुआ था । साम को कुछ लोगो ने मृतक को कुसमुंडा देशी शराब की दुकान में शराब का सेवन करते देखा था । उसके बाद उनके साथ क्या हुआ और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई इसकी जानकारी किसी को नही है । पुलिस मामले में मार्ग कायाम कर मामले की जांच में जुट गई है।

### डीआरएम का पुतला फूंका

**कोरबा(विश्व परिवार)।** गेवरा स्टेशन से पूर्व में चलने वाली सभी गाड़ियो को पुन: प्रारंभ करने की मांग व रेलवे प्रबंधन की मनमानी को लेकर कोरबा रेलवे स्टेशन के सामने युवा कांग्रेस प्रदर्शन कर डीआरएम का पुतला फूंका गयास मीडिया से चर्चा के दौरान युवा कांग्रेस के महामंत्री मधुसूदन दास ने बताया कि रेलवे प्रबंधन की मनमानी अपने चरम पर है ट्रेनों की लेटलतीफी तो आम बात है सबसे महत्वपूर्ण बात यह है की रेलवे प्रशासन नदी उस पार के एक लौते स्टेशन गेवरा से पता नहीं कौन से जन्म का बदला लेने पर उतारू है की कोरोनाकाल से बंद हुए ट्रेनें अभी तक शुरू नहीं हो पाए है या यू कहे की रेलवे प्रबंधन मालगाड़ी बढ़ाने के लिए जागने की अवस्था में है परंतु सवारी गाड़ी के नाम पर कुंभकर्णीय नींद में है युवा कांग्रेस माँग करती है की गेवरा स्टेशन से पूर्व में चलने वाली सभी गाड़ियो को पुन: प्रारंभ किया जाये साथ ही साथ कोरबा से चलने वाली सभी गाड़ियों को समय पर चलाया जाये इन्ही सब माँग को लेकर युवा कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया गया है साथ ही ऌड का पुतला फूंका गया यदि 7 दिवस के भीतर मांगों को न मानने पर हमारे द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आपकी होगी प्रदर्शन कर डीआरएम का पुतला फूंका गया इस दौरान बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे वहीं मीडिया से चर्चा के दौरान युवा कांग्रेस के महामंत्री मधुसूदन दास ने बताया कि रेलवे प्रबंधन की मनमानी अपने चरम पर है ट्रेनों की लेटलतीफी तो आम बात है सबसे महत्वपूर्ण बात यह है की रेलवे प्रशासन नदी उस पार के एक लौते स्टेशन गेवरा से पता नहीं कौन से जन्म का बदला लेने पर उतारू है की कोरोनाकाल से बंद हुए ट्रेनें अभी तक शुरू नहीं हो पाए है या यू कहे की रेलवे प्रबंधन मालगाड़ी बढ़ाने के लिए जागने की अवस्था में है परंतु सवारी गाड़ी के नाम पर कुंभकर्णीय नींद में है युवा कांग्रेस माँग करती है की गेवरा स्टेशन से पूर्व में चलने वाली सभी गाड़ियो को पुन: प्रारंभ किया जाये साथ ही साथ कोरबा से चलने वाली सभी गाड़ियों को समय पर चलाया जाये इन्ही सब माँग को लेकर युवा कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया गया है ।

दैनिक
विश्व परिवार



# संपादकीय

## खुद की तरफ मुड़ी......... उंगलियां भी देखनी होंगी

भारत में धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरत फैलाने वाले भाषणों और धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के घरों और प्रार्थना स्थलों को ध्वस्त करने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर विदेश विभाग की वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिकन ने ये बातें कहीं। उन्होंने दुनिया भर में लोगों की धार्मिक आजादी की रक्षा के लिए काफी जद्दोजहद करने की भी बात उठाई। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के 28 में से 10 राज्यों में धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून हैं, जिनमें से कुछ राज्य विवाह के उद्देश्य से जबरन धर्मांतरण के खिलाफ दंड भी लगाते हैं। इसमें दुनिया के तकरीबन दो सौ देशों की धार्मिक स्थिति का आकलन किया गया है। हालांकि भारत इसे पहले से ही खारिज करता रहा है और इसे प्रकाशित करने वाले आयोग को पक्षपाती बताता है। सिखों, ईसाइयों, यहूदियों, मुसलमानों, दलितों और आदिवासियों के खिलाफ हिंसा से निपटने में मोदी सरकार की नाकामी की बात कर रही है यह रिपोर्ट। इसमें 2023 में गैर– सरकारी संगठनों ने ईसाइयों के खिलाफ हिंसा की 687 घटनाओं का जिक्र भी किया गया है। जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, मणिपुर हिंसा, ईसाइयों पर हमले, चर्च में तोड़–फोड़ और धर्मांतरण कानून के तहत हिरासत में रखे लोगों की चर्चा भी है। चीन, ईरान, रूस, सऊदी अरब, अफगानिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और बर्मा के साथ भारत का नाम रखे जाने पर सरकार द्वारा जताई गई आपत्ति उचित है। कहना गलत नहीं है कि मोदी सरकार अपनी हिन्दुत्ववादी विचारधारा के चलते बहुसंख्यकों को प्रभावित करने में सफल है। इसलिए हर साल अमेरिका को इस पर पुन: विचार करने की बात करने की बात कर रस्मादायगी कर लेती है, जबकि सरकार को अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी छवि सुधारने के प्रयास करने चाहिए। संविधान कहता है कि भारत धर्मनिरपेक्ष राज्य है और धार्मिक आजादी मौलिक अधिकार है। इसलिए सभी धर्मावलंबियों की सुरक्षा का दायित्व सरकार का है। वहीं अमेरिका में अेतों को लेकर जो पक्षपात होते हैं, उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। दूसरों पर उंगली उठाते हुए, खुद की तरफ मुड़ी उंगलियां भी देखनी होंगी।

## विशेष लेख

### गणाचार्य विराग सागर जी की समाधी–समाज को शानदार संदेश

2 दिन पूर्व देश के प्रमुख आचार्यों में से एक प.पू गणाचार्य श्री विरागसागरजी गुरुदेव का स्वास्थ अचानक बिगडा. पूरे देश का समाज चिंता में पड गया. जगह जगह मंदिर में मंत्रजाप शुरु हो गये. हार्ट अटैक जरुर गुरुदेव को आया लेकिन पूरे देश के दिल पर आघात हुआ... देश सदमें मे चला गया...

नियमों पर अडिग

गुरुदेव को हार्ट अटैक आया था.. तुरंत डॉंक्टर आये, उन्होंने बताया कि यहां से 1 किमी पर अस्पताल है, वहां ले चलो, तुरंत इलाज की जरुरत है, वर्ना अनहोनी हो सकती है... लेकिन गुरुदेव टस से मस नही हुए... शेरदिली दिखाकर उन्होंने इलाज के लिए मना कर दिया...देशभर से सैकडों विद्वान, साधुसंतो के संदेश आये.. लेकिन वो तैय्यार नही हुए.... सामने मौत खडी... सारी सुविधायें उपलब्ध... लेकिन अपने नियमों पर अडिग रहना... यहीं जिंदादिली है... यही सच्ची साधना है... यही मुनि अवस्था की सबसे बडी परिक्षा है... और इस परीक्षा में गुरुदेव शत प्रतिशत सफल रहे... मौत पर सच्ची विजय उन्होंने प्राप्त की...

पारदर्शिता

उनके 2 दिन के अंतिम समय में पूरी तरह पारदर्शिता रही, कोई रुम बंद नही... कोई छुपकर से इलाज नही... कोई घेराबंदी नही... जो किया समाज के सामने किया... दुनियां के सामने किया.

समयसूचकता– संघ अनाथ नही हुआ

गुरुदेव शरीर से स्वस्थ दिख रहे थे, उनके आहार के विडीयो देखने के बाद सभी को लगा कि गुरुदेव स्वस्थ है...लेकिन गुरुदेव अंदर से सब समझ रहे थे... उन्होंने दोपहर को ही संघ की अगली व्यवस्था के लिए अपने वारिस के रुप में आचार्य विशुध्दसागरजी के नाम की घोषणा कर दी. सही समय पर सही वारिस बनाकर गये.... कोई नही बोल सकता था कि आज रात को आचार्यश्री का ऐसा हो जायेगा.. उम्र भी बहोत कम थी.. अकस्मित घट जाने के बाद भी पूरे सुचकता के साथ अच्छा व्हिडीयो बनाकर साफसंदेश छोड गये..., कोई मुह बोली नही, दूसरे किसी को संदेश नही, कोई कन्फ्युजन नही... सब कुछ पारदर्शक... संघ की आपसी खीचातान खत्म... भक्तों में कन्फ्युजन खत्म... और आपस में कटुता खत्म... एक आदर्श उदारहण आचार्यश्री ने दुनियां के सामने रखा... मुनिश्री सुधासागरजी ने कहां भी कि, उनके अकस्मित जाने के बाद भी संघ अनाथ नही हुआ... व्यवस्थित ढंग से बांध कर गये...

समाधी सुव्यवस्था–

गुरुदेव के देह त्याग के पश्चात मात्र 6 घंटे का समय था... शहर से 5 किमी दुरी पर यह सब कुछ घटा... व्यवस्था की कमी थी, समय की कमी थी.. फिर भी जालना और आसपास के शहर के लोगो ने जो व्यवस्था बनाई बो तारिफ–ए–काबिल है... जिस एरिया में 25–50 लोग ना हो वहां 6 घंटे में अचानक 25,000 से ज्यादा लोग आ जाये तो कोई भी व्यवस्था नही बन सकती... फिर भी प्रशासन के साथ मिलकर जालना वासियों ने शानदार व्यवस्था की...

खासतौर पर हम देखते आये है कि अग्नी देते समय बहोत ज्यादा गडबड होती है... हर कोई अंदर घूसने की कोशिश करता है... सारी व्यवस्थायें बिघड जाती है... हौसपौस हो जाता है... लेकिन यहां इतना सुव्यवस्थित ढंग से हुआ... कोई अनावश्यक व्यक्ति अंदर घूस नही पाया, पुरे देश को हर क्रिया देखने को मिली, समझने को मिली... और अंतिम दर्शन बहोत ही अच्छे से हो पाये... पूरा देश टिव्ही पर देखता रहा... समाधी स्थान पर बँराकँटिंग की 2 लेयर, साधू संतों को बैठने के लिए मंच, लोगों को रुकने के लिए पांडाल.. पार्किंग की व्यवस्था, हजारों लोगो की शाम की खाने की व्यवस्था... शहर से दूर सब कुछ मात्र 6 घंटे में खडा करना एक चैलेंज था, जो जालनावासियों ने पूरा किया...

आज पूरा देश शोक में है... लेकिन फिर भी आचार्यश्री ने जाते जाते भी जो संदेश देश को देकर गये... वो हम सभी युवाओं के लिए आदर्श है... साधु के जीवन का सर्वोच्च क्षण... समाधी मरण... जिसे गुरुदेव ने साधा.. सुव्यवस्थित तरीके से संघ को बांधकर, सबसे क्षमा मांग, सबको क्षमा कर, निर्विकार रुप से अपना देह त्यागा... कोई विवाद नही, कोई अव्यवस्था नही, कोई शिथिलता नही.. दिया समाज को एक शानदार संदेश....

पारस लोहाडे

# भावपूर्ण श्रद्धांजलि–गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज

**श्रमण संस्कृति के एक दैदीप्यमान नक्षत्र का अवसान**

डॉ. सुनील जैन 'संचय', ललितपुर

परम पूज्य गणाचार्य विरागसागर महाराज की संलेखना समाधि बुध–गुरुवार की मध्यरात्रि 2.30 बजे महाराष्ट्र के जालना में हो गई । रात से ही यह खबर जैसे ही सोशल मीडिया के माध्यम से आई लोग स्तब्ध रह गए। किसी को भी गुरुवर की समाधि की खबर एक सपना जैसे महसूस हुई, लेकिन सच्चाई यही थी। जिसने भी सुना स्तब्ध रह गया, इस खबर के साथ समूचे देशभर की जैन समाज में शोक की लहर व्याप्त हो गई। हालांकि साधु के लिए समाधि उत्सव का दिन होता है। उनकी आदर्श समाधि हुई है, सभी कार्य उन्होंने समय से किए। मौत सामने खड़ी थी, लोग हॉस्पिटल जाने का निवेदन करते रहे लेकिन वे अडिग थे ,सारी सुविधायें उपलब्ध थीं लेकिन अपने नियमों पर अडिग रहे, आगम के आदेश को माना, निश्चित ही यही सच्ची साधना है, यही मुनि अवस्था की सबसे बड़ी परीक्षा है और वे महामना इस परीक्षा में प्रतिशत सफल रहे। भारतीय वसुन्धरा को इस बात का महान् गौरव है कि इसने अनेक महान् नर रत्नों को जन्म दिया। रत्न की कीमत फिर भी आंकी जा सकती है किन्तु धर्मात्मा नर रत्नों की कीमत नहीं आंकी जा सकती, क्योंकि उनका कोई मूल्य नहीं होता, वे अमूल्य होते हैं। ऐसे ही अमूल्य रत्न, वात्सल्य के धनी, प्रशांतमूर्ति आचार्य श्री विरागसागरजी महाराज थे। आपके दिव्य व्यक्तित्व का प्रभाव आपके द्वारा दीक्षित साधु वर्ग में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। आचार्यश्री के निर्देशन, प्रेरणा एवं सान्निध्य में जैन समाज को अनेक महान उपलब्धियां हासिल हुई हैं। समाजोत्थान हेतु आपका अविस्मरणीय योगदान है। आचार्यश्री ने अपने अंदर कभी अभिमान नहीं पनपने दिया, हमने जब भी देखा है तो प्रसन्नता ही देखने को मिली। वे वात्सल्य के धनी थे,साधुओं पर उनका अतीव वात्सल्य झलकता था। विद्वानों के प्रति भी उनका असीम वात्सल्य देखने को मिलता था।

### यति सम्मेलन–युग प्रतिक्रमण की प्राचीन परंपरा को पुनर्जीवित किया

जैन शासन में युग प्रतिक्रमण यति सम्मेलन की पुरातन परम्परा है। अर्हद्बलि आचार्य भगवन् ने यति सम्मेलन युग प्रतिक्रमण किया था। पांच वर्ष का एक युग माना गया है, इसलिए इसे युग सम्मेलन भी कहते हैं। इस सम्मेलन में सौ योजन (लगभग 1200 किलोमीटर) दूर तक के साधु इसमें सम्मिलित होते थे। उस काल में हुए यति सम्मेलन में जिनशासन की प्रभावना के निमित्त मुनिराजों के द्वारा अनेक निर्णय लिये गये थे। आचार्य श्री विरागसागरजी महाराज ने यति सम्मेलन व युग प्रतिक्रमण की एक अति प्राचीन जैन परम्परा को पुनर्जीवित करने का स्तुत्य प्रयास किया । इसको व्यवस्थित रूप से सन् 2012 में जयपुर से शुरु किया और इसके बाद निरंतर श्रृंखला चलती रही है। 2017 में अतिशय क्षेत्र करगुवां जी–झांसी में



आयोजित यति सम्मेलन व युग प्रतिक्रमण कार्यक्रम में आयोजित विद्वत् संगोष्ठी में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ था। उसी परम्परा को जीवंत रखते हुए जन्म भूमि पथरिया (दमोह) में फरवरी 2023 में बहुत महत्त्वपूर्ण आयोजन हुआ था जिसमें विविध आयोजन हुए साथ ही साथ में साधु संघ का विशाल संघ भी इसमें जुटा और विविध चर्चा–परिचर्चा, संवाद–विमर्श हमें देखने को मिलें।

साहित्य साधना : पूज्य गणाचार्यश्री द्वारा चेतन कृतियों के साथ अनेक ग्रंथों, टीकाओं को लिखकर श्रुत सम्वर्द्धन किया है। आचार्य विरागसागर ने 6 से अधिक साहित्य पर शोध किया था। शोध में वारसाणुपेक्खा पर 1100 पृष्ठीय सर्वोदयी संस्कृत टीका, रयणसार पर 800 पृष्ठीय रत्नत्रयवर्धिनी संस्कृत टीका, लिंग पाहुड़ पर श्रमण प्रबोधनी टीका, शील पाहुड़ पर श्रमण संबोधनी टीका, शास्त्र सार समुच्चय पर चूर्णी सूत्र और अनेक शोधात्मक ,शुद्धोपयोग, सम्यकदर्शन, आगमचक्खूसाहू आदि, चिन्तनीय बालकोपयोगी कथा अनुवाद गद्य संपादित साहित्य, जीवनी व प्रवचन साहित्य 150 से अधिक पुस्तकों का लेखन किया।गणाचार्य श्री विरागसागरजी महाराज के शिष्यों ने साहित्य सृजन के क्षेत्र में विशेष क्रांति लायी है।

### अद्भुत संयोग

दक्षिण में जन्में संत आचार्य श्री विद्यासागर जी की समाधि उत्तर में हुई और उत्तर में जन्मे गणाचार्य श्री विरागसागर जी की समाधि दक्षिण में हुई। दोनों महान आत्माओं की समाधि का समय भी लगभग एक समान है। एक अष्टमी पर्व पर तो दूसरे चतुर्दशी पर्व पर समाधि को प्राप्त हुए । गणाचार्य श्री विराग सागर जी का जन्म गुरुवार को हुआ था और समाधि भी गुरुवार को हुई, यह अपने आपमें स्मरणीय तथ्य है।

### एक के बाद एक श्रमण सूर्य का अवसान बहुत बड़ी क्षति

2024 में जैन श्रमण संस्कृति के दो बड़े संघों के नायक (आचार्यों) की समाधि होने से सकल जैन समाज स्तब्ध है। फरवरी में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी के बाद अब दूसरे बड़े संघ के आचार्य विरागसागर जी की समाधि हुई है। इसके पूर्व में हाल ही के वर्षों में आचार्य श्री विद्यानंद जी महाराज, सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज, आचार्य श्री सन्मति सागर जी महाराज, मुनि श्री तरुणसागर जी महाराज, आचार्य श्री निर्मल सागर जी महाराज आदि जैसे प्रभावक दिगम्बर संतों की समाधि ने बहुत बड़ा शून्य पैदा कर दिया है जिसकी भरपाई असंभव दिख रही है। एक के बाद एक बड़े बड़े संतों की समाधि से श्रमण संस्कृति , जैन समाज को गहरा आघात पहुँचा है।

जन्म से समाधि तक का सफर एक ही दिन : आपका जन्म 2 मई 1963 , गुरुवार को पथरिया जिला दमोह में श्रेष्ठि श्री कपूरचंद जी (समाधिस्थ मुनि श्री विश्व वंद्य सागर जी) एवं माता श्रीमती श्यामा देवी( समाधिस्थ आर्यिका श्री विशांतमति) के यहां पथरिया जिला दमोह में हुआ आपका बचपन का नाम श्री अरविंद कुमार जैन था ।आपने 5 तक की शिक्षा पथरिया में प्राप्त करने के बाद सन 1974 में कटनी श्री शांति सागर निकेतन संस्कृत विद्यालय में धार्मिक शिक्षण 6 वर्ष प्राप्त कर 11 तक की लौकिक शिक्षा तथा शास्त्री की परीक्षा उत्तीर्ण की आपने 20 फरवरी 1980 को 17 वर्ष की उम्र में बुढ़ार में आचार्य श्री सन्मति सागर जी से क्षुल्लक दीक्षा ली आपका नाम श्री पूर्णसागर किया गया आपने 9 दिसंबर 1983 को औरंगाबाद में मुनि दीक्षा आचार्य श्री विमल सागर जी से प्राप्त की आपका नाम श्री विराग सागर जी किया गया। आपको आचार्य पद 9 नवंबर 1992 को 29 वर्ष की उम्र में सिद्ध क्षेत्र द्रोणगिरी में दिया गया ।

### प्रभावनामयी अनेक आयोजनों के प्रेरणास्रोत

29 की उम्र में ही आचार्य पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद गणाचार्य विरागसागर जी मुनिराज ने जैन संस्कृति की धर्म प्रभावना को ऐसा बढ़ाया कि हर युवा उनसे प्रभावित होने लगा। न सिर्फ बुंदेलखंड, मप्र बल्कि उप्र, विहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र सहित अन्य प्रांतों में विहार करते हुए धर्म पताका फहराया।

उनके सान्निध्य में अनेक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा सम्पन्न हुईं। शाकाहार और व्यसन मुक्त जीवन के लिए उनकी प्रेरणा से अनेक आयोजन हुए जिससे लाखों लोग प्रभावित हुए, उन्हें नया जीवन मिला। सम्यक ज्ञान शिविर, पूजन प्रशिक्षण शिविर, श्रावक संस्कार शिविरों से युवा वर्ग में एक अनोखी जागृति देखने को मिली।

### पांच सौ से अधिक शिष्य– प्रशिष्य

प्राप्त जानकारी के अनुसार आचार्य विरागसागर ने संघ में 94 मुनियों, 73 आर्यिकाओं, 5 ऐलक, 23 क्षुल्लक, 32 क्षुल्लिका दीक्षाएं देकर चेतन कृतियों का निर्माण कर मोक्षमार्ग की ओर प्रशस्त किया। इस तरह करीब 222 साधु, साध्वियां विराग सागर के बड़े संघ में हैं। 9 आचार्य बनाए। उनके शिष्य प्रशिष्य को मिलाकर पांच सौ से अधिक यह संख्या पहुँच जाती है जो श्रमण संस्कृति को गौरवमयी है।

इसके अलावा 133 से अधिक संलेखना करा एक महनीय कार्य संपादित किया।

संघ को समय पर किया व्यवस्थित : समाधि के परम पूज्य निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने अपनी विनयांजलि में कहा कि उनका संघ अनाथ नहीं हुआ है, वे समय–समय पर अपने शिष्यों को अधिकार देते गए और संघ को व्यस्थित करते गए। शायद उन्हें पहले से महसूस हो गया था कि वे जल्दी चले जायेंगे। श्रमण संस्कृति की बहुत बड़ी कतार उनके निमित्त से मिली।

मजबूत हाथों में पट्टाचार्य पद ; गणाचार्य श्री विराग सागर जी को शायद पहले से महसूस हो गया था कि अब उनकी देह ज्यादा समय इस धरती पर रहने वाली नहीं है इसलिए उन्होंने समय रहते समाधि के एक दिन पूर्व ही अपने अंतिम संबोधन में पट्टाचार्य का पद अपने सुयोग्य शिष्य योग्य प्रभावक संत चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज को देने की घोषणा कर आगम की परंपरा का पालन किया। निश्चित ही पूज्य आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज को यह पद दायित्व सौपकर अपनी विरासत को मजबूत हाथों में प्रदान किया है।

पूज्य गुरुदेव का संपूर्ण जीवन 'स्व' और 'पर कल्याण' के लिए समर्पित रहा। वे अध्यात्म के सूर्य थे। मुझे भी अनेक बार उनके दिव्य सानिध्य का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जहाँ विद्वत् संगोष्ठियों में सहभागिता की वही प्रतिभा सम्मान और पत्रकार सम्मेलन जैसे आयोजनों में उनके सान्निध्य में योगदान देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अनेकबार निकटता से चर्चा और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

आज भौतिक रूप से भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, किंतु उनकी शिक्षाएं, विचार, व्यवहार और उनका व्यक्तित्व हमें सदैव सन्मार्ग की दिशा दिखाता रहेगा।


परम पूज्य जैन दिगम्बर आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के विचार प्रकाश स्तंभ बनकर सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। समाधी नमन !

साधना की जगमगाती देहरी से,
एक दीपक फिर किनारा कर गया।
मंजिलों की दूरियां पूछें कहाँ से,
मील का पत्थर किनारा कर गया।।

हम सब का परम दायित्व और कर्त्तव्य है कि हम उनके बताए मार्ग पर चलें तभी सच्ची विनयांजलि होगी। 'गुरुव: पांतु नो नित्यं, ज्ञान– दर्शन नायका: । चारित्रार्णव गंभीरा मोक्ष मार्गोपदेशका: ।।

# भारत में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ताजनक

ललित गर्ग



भविष्य के भारत को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की साठ प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। भारत में बढ़ती शारीरिक अकर्मण्यता एवं आलसीपन एक समस्या के रूप में सामने आ रहा है, लोगों की सक्रियता एवं क्रियाशीलता में कमी आना एवं वयस्कों में शारीरिक निष्क्रियता का बढ़ना चिन्ता का सबब है। इस दृष्टि से प्रतिष्ठित लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की वह हालिया रिपोर्ट आईना दिखाने वाली है जिसमें पचास फीसदी भारतीयों के शारीरिक श्रम न करने का उल्लेख है। महिलाओं की स्थिति ज्यादा चिंता बढ़ाने वाली है। उनकी निष्क्रियता का प्रतिशत 57 है। वैसे अकेले पुरुषों की निष्क्रियता का प्रतिशत 42 है। इस अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि अगर वर्तमान में तेजी से पसर रहा आलसीपन एवं शारीरिक निष्क्रियता इसी तरह जारी रहा तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़कर साठ प्रतिशत तक पहुंच जायेगी, जो चिन्ताजनक है। लैंसेट ग्लोबल हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आधी वयस्क आबादी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के शारीरिक गतिविधि संबंधी मानदंडों को पूरा नहीं कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के वयस्कों में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता का पैमाना 2000 में 22.3 फीसदी से बढ़कर 2022 में 49.4 फीसदी हो गई है, साथ ही इसमें बताया गया है कि देश में महिलाएं पुरुषों की तुलना में ज्यादा शारीरिक रूप से ज्यादा निष्क्रिय हुई हैं। इस निष्क्रियता, आलसीपन एवं उदासीनता का कारण बढ़ते उपभोक्तावाद एवं शहरीकरण से उपजी सुविधावादी एवं आरामदायक जीवनशैली है। इसके कारण बीमारियां भी बढ़ रही है। क्योंकि जब व्यक्ति को सुस्त, निढ़ाल एवं निस्तेज देखा जाता है तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है। विडम्बना यह भी है कि समय के साथ विस्तृत होने दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता, उत्साह एवं जोश में तेजी से कमी आई है, जो नये बनते भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प के सामने एक बड़ी चुनौती है। भविष्य के भारत को लेकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश की साठ प्रतिशत आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में यहां की आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी। जिस देश की अधिकांश आबादी के सामने रोजी–रोटी की समस्या जटिल एवं अहम है, वहां के लोगों को जीवन चलाने के लिये शारीरिक रूप से जरूरत से ज्यादा सक्रिय रहते हुए श्रम करना पड़ता है। इन स्थितियों में बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि भारत में ऐसे हालात कैसे पैदा हो रहे हैं कि यहां इतनी बड़ी आबादी सुस्त एवं आलसी होती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित शोधकर्ताओं का मानना है कि भारत एशिया प्रशांत में उच्च आय वर्ग वाले देशों में निष्क्रियता के क्रम में दूसरे स्थान पर है। निस्संदेह, लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल की हालिया रिपोर्ट आंख खोलने वाली है, रिपोर्ट गंभीर चिन्तन–मंथन की आवश्यकता को भी उजागर कर रही है।। यह जानते हुए भी कि भारत लगातार मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियों में जकड़ता हुआ बीमार राष्ट्र बनता जा रहा है। इन असाध्य बीमारियों का कारण कहीं–न–कहीं श्रम की कमी एवं सुविधावादी जीवनशैली ही है। दरअसल, आजादी के बाद देश में आर्थिक विकास को गति मिली है। अब हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ–व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। औसत भारतीय के जीवन स्तर में सुधार जरूर आया है तो आम नागरिक का जीवन सुविधावादी भी बना है। इस संकट की वजह शहरीकरण और जीवन के लिये जरूरी सुविधाओं का घर के आस–पास उपलब्ध हो जाना भी है, आनलाइन प्रचलन भी बड़ा कारण बन रहा है। पहले देश की साठ फीसदी से अधिक आबादी कृषि व उससे जुड़े श्रमसाध्य कार्यों में सक्रिय थी। लेकिन अब मेहनतकश किसान को कोई शारीरिक श्रम करने की जरूरत नहीं पड़ती है, कृषि की ही तरह अन्य श्रम से जुड़े कार्यों में भी मेहनत एवं श्रम पहले ही तुलना में कम करना पड़ता है क्योंकि धीरे–धीरे कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में आधुनिक यंत्रों व तकनीकों ने शारीरिक श्रम की महत्ता को कम किया है। कृषि–क्रांति से बड़ी संख्या में निकले लोगों ने शहरों को अपना ठिकाना बनाया, लेकिन वे शारीरिक सक्रियता को बरकरार नहीं रख पाये। इन स्थितियों ने भी व्यक्ति को आलसी, अकर्मण्य एवं सुस्त बनाया है। इस शारीरिक निष्क्रियता के मूल में भारतीय पारिवारिक संरचना व सांस्कृतिक कारण भी हैं। घर–परिवार संभालने वाली महिलाओं में भी बढ़ते सुविधा के साधनों के कारण श्रमशीलता कम हुई है। कुछ दूर पर सब्जी–फल लेने जाने पर भी हम वाहनों का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा भी नहीं है कि शहरों में स्वास्थ्य चेतना का विकास नहीं हुआ, लेकिन इसके बावजूद शहरों के पार्कों में सुबह गिने–चुने लोग ही नजर आते हैं। व्यक्तियों में प्रात: भ्रमण, योग, ध्यान, व्यायाम की गतिविधियों में भी कमी देखने को मिल रही है। इस जटिल से जटिलतर होती समस्या से मुक्ति के लिये हर व्यक्ति को जागरूक होना होगा। खुद को छोटी–मोटी असुविधाओं के लिए तैयार करना होगा। कभी–कभार थोड़ा कम नींद लेने, कम खाने या फिर ज्यादा देर काम कर लेने की मानसिकता को बल देना होगा। जरा सी चुनौती सामने आने पर बेचैन न हों, उसे नया सीखने के मौके व नए अनुभव के रूप में देखना होगा। अक्सर जब कुछ नया करने के लिए कदम बढ़ाते हैं, तो पुरानी आदतें एवं आराम की मानसिकता तुरंत परीक्षा लेने आ जाती हैं। हमें ललचाती हैं या फिर खुद को थोड़ा ढील देने के लिए कहती हैं। मन भी खुद को बड़ी आसानी से समझाने लगता है कि कुछ देर और सो जाने, और मीठा खा लेने, फोन पर बात करने या काम को कल पर टालने से कुछ गड़बड़ नहीं होगा। कुल मिलाकर हम मन के बहकावे में आने लगते हैं और खुद को छूट देने लगते हैं जो हमें सुस्त, आलसी एवं निस्तेज बनाता है। विचित्र स्थिति यह भी है कि लोगों में व्यस्तता में एक अजीब किस्म की बढ़ोतरी हुई, जीवन व्यस्त से ज्यादा अस्त–व्यस्त हुआ है। जरूरी कामों को छोड़कर तमाम लोग रोजाना पांच से सात घंटे या इससे भी ज्यादा समय अपने स्मार्टफोन या अन्य तकनीकी संसाधनों, सोशल मीडिया एवं अन्य आभासी मंचों पर समय बर्बाद करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान वर्क फ्रोम हॉम का प्रचलन बढ़ा, उसने भी लोगों को ज्यादा शिथिल होने में भूमिका निभाई है। देर राज तक जगना एवं सुबह देर तक सोना, इस तरह बिगड़ती दिनचर्या एवं शरीर की प्राकृतिक घड़ी का चक्र बिगड़ने से दिन भर आलस्य बना रहता है। ताजा अध्ययन में पता चला कि 195 देशों में भारत अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता के मामले में 12वें स्थान पर है। इसके अलावा, लैंसेट की रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर एक तिहाई वयस्क लगभग 1.8 बिलियन लोग 2022 में अनुशंसित शारीरिक सक्रियता को पूरा करने में विफल रहे। जिसके कारण मधुमेह एवं हृदय रोग का खतरा मंडरा रहा है। भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देशों में महिलाओं में अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि चिंता का विषय बनी हुई है। क्योंकि वे पुरुषों की तुलना में 14–20 फीसदी से अधिक पीछे हैं। अध्ययन के अनुसार, बांग्लादेश, भूटान और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों में महिलाएं अधिक सक्रिय हैं। भारत में बढ़ती शारीरिक निष्क्रियता, आलसीपन एवं सुस्ती को दूर करने के लिये समग्र जन–चेतना को जगाना होगा। सरकार को भी शारीरिक श्रम की योजनाओं को बल देना होगा। शारीरिक सक्रियता में कमी की वजहों और नतीजों पर अगर गौर नहीं किया गया तो इन सबका समुच्चय आखिर व्यक्ति को विचार, कर्म, शरीर से कमजोर ही नहीं बल्कि बीमार बनायेगा, जो आजादी के अमृतकाल को धुंधलाने का बड़ा कारण बन सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### महासंघनायक की समतापूर्वक महासमाधि- आचार्य अतिवीर मुनिराज



**दिल्ली ( विश्व परिवार )।** बुंदेलखंड के प्रथमाचार्य, भारत गौरव, सूरीगच्छाचार्य, श्रमण परम्परा के सूर्य, उपसर्ग विजेता परम पूज्य गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज का आकस्मिक देवलोकगमन अत्यंत स्तब्धकारी है। आचार्य श्री का समतापूर्वक समाधिमरण व्यवहारिक दृष्टि से तो कष्टपूर्ण है परंतु निश्चयवाद से उत्सव का क्षण है। मोक्ष की अविरल यात्रा पर बढ़ते हुए पूज्य आचार्य श्री ने आज एक पड़ाव और पार कर लिया। ब्रह्मचारी अवस्था में प्रथम बार नागपुर में आचार्य श्री के पावन दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था और तब से लेकर आज तक उनका भरपूर स्नेह और आशीर्वाद मिला। सन 2017 में प्रशांत विहार दिल्ली में आचार्य श्री से मंगल मिलन हुआ और उनका वात्सल्य पाकर मैं अभिभूत हो गया। आचार्य श्री के गंभीर व्यक्तित्व और अनुशासन ने मुझे आह्लादित कर दिया। महान आचार्यों की दैदिप्यमान श्रृंखला में आचार्य श्री का नाम स्वर्णाक्षरों से अंकित है। आचार्य श्री का समाधिमरण कोई साधारण घटना नहीं है, अपितु अध्यात्मिकता में रुचि रखने वाले प्रत्येक प्राणी के लिए अपूरणीय क्षति है। आचार्य श्री ने अपने जीवन को तप, त्याग व संयम की साधना से पुलकित किया। सागर-सी गंभीरता, हिमालय-सी उत्तुंगता और पृथ्वी-सी सहनशीलता को अपने अंदर समेटे हुए आचार्य श्री स्व-पर कल्याण में सतत प्रयत्नशील रहे। आचार्य श्री का संघ विशाल एवं समृद्ध है। अनेकों प्रखर साधक आपकी छत्र-छाया में पल्लवित हुए जो जगह-जगह जिनशासन की गरिमा को निरंतर बढ़ा रहे हैं। आपके भीतर विद्यमान ममता, समता व क्षमता के कारण ही आपने इतने विशाल संघ का कुशलतापूर्वक संचालन किया। आपके दिशा-निर्देशन में समाजोत्थान के अनेकों उपक्रम संपादित हुए। अंत में आचार्य श्री के चरणों में अनंत प्रणाम करते हुए शीघ्र उनके परम पद में स्थित होने की मंगल कामना के साथ सादर नमन।

### पूज्य गुरुदेव गणाचार्य श्री विरागसागर महराज जी के चरणों में दी गई भावपूर्ण विनयांजलि




**नैला ( विश्व परिवार )।** परम पूज्य गणाचार्य 108 श्री विरागसागर महराज जी के समाधिस्थ होने के समाचार से जैन समाज नैला के लोग स्तब्ध रह गए। समस्त जैन समाज में शोक की लहर फैल गई। अपने आराध्य के चरणों में दिनांक 4/7/24 को रात्रि 8 बजे श्री मंदिर जी में भावांजलि विनयांजलि सभा आयोजित की गई। समस्त समाज की उपस्थिति में महिला मंडल एवम नवयुवक मंडल के सदस्यो ने णमोकार महामंत्र का पाठ, णमोकार चालीसा पढ़कर प्रमुख वक्ताओं द्वारा शब्दों के माध्यम से अपनी विनयांजली प्रेषित की गई। नैला जैन समाज को आचार्य श्री का मंगल आशीर्वाद हमेशा मिला,पंच कल्याणक महोत्सव, आर्यिका विबोध श्री माताजी ससंघ का नैला आगमन करोना के एक दिन पूर्व हुवा और 76 दिनो तक माता जी के संघ का सानिध्य हमे आचार्य श्री के मंगल आशीर्वाद के साथ मिला। जैन समाज के सदस्यो द्वारा समाधि भावना का पाठ, श्री णमोकार महामंत्र का पाठ, णमोकार चालिसा एवं दो मिनट मौन रखकर अपने गुरुदेव जी के चरणों में अपनी भावना भायी गयी।

### शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को खीर-पुडी खिलाकर लगाए टीके, किया स्वागत, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जिले के धरसींवा विकासखंड के ग्राम छपोरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में आज शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया साथ ही बच्चों के माथे पर टीका लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर न्योता-भोज के तहत बच्चों को खीर-पुडी खिलाए गए। साथ ही एक पेड मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## श्रमण संस्कृति के इतिहास में गुरुवर विरागसागर जी की आदर्श समाधि : भावलिंगी संत आचार्य श्री विमर्शसागर जी मुनिराज

**जालना ( विश्व परिवार )।** भरत क्षेत्र सहा नहीं गया गुरु का वियोग, रो पड़ा शिष्यों का हृदय, आँखें हो गईं सजल, दुलक पड़ी आखों से अश्रुधारा, जन विशाल चतुर्विध संयं महानामक 500-530 पीछी धारी साधु-संतों के महागुरु परम पूज्य शुद्धोपयोगी संत सूरिगच्छाचार्य गणाचार्य गुरुदेव श्री 108 विरागसागर जी महामुनिराज का सल्लेखना- समाधिमरण का समाचार सुना। महाराष्ट्र प्रान्त के जालना नगर में रात्रि 02-50 बजे पूर्णत: जागृत एवं सन्चेत अवस्था में मुनिवृन्दों के मध्य महामंत्र णमोकार का न्सु-स्मरण करते करते इस युग के महासंत गणाचार्य श्री विरागसागर जी महामुनिराज का देवलोक गमन हुआ। रात्रि में ही यह समाचार सम्पूर्ण भारतवर्ष हवा की तरह प्रसारित हो गया था। प्रात: काल का सूर्योदय होते-होते लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्तगण अंतिम गुरुदर्शन के लिए पहुंचने लगे थे। 04 जुलाई की मध्याहन बेला में सम्पूर्ण जैन विधि-विधान के अनुसार महासंत के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी गई। सम्पूर्ण देशभर में विराजमान महासते के 500 शिष्य-शिष्याओं ने अपने गुरुदेव के चरणों में विनयांजलि द्वारा अपने भाव- सुमन समर्पित किए। गणाचार्य श्री सुयोग्य शिष्यों में भावलिंगी संत आचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज जीवन है। पानी की बूंदे महाकाव्य के मूल रचियता के रूप में विख्यात हैं। विहार के दौरान जब आचार्यश्री को अपने गुरुदेव के वियोग का समाचार ज्ञात हुआ तब प्राचार्य श्री के सम्पूर्ण संघ की आँखें नम हो गई।




तत्काल आचार्यश्री ने अपनी संघस्थ शिष्या बालब्रह्मकारिणी विशु दीदी सहित सभी त्यागी-व्रतियों को अपने गुरुदेव के अंतिम दर्शन के लिए प्रस्थान करा दिया। 04 जुलाई की प्रात: बेला में आचार्ययी ससंच पश्चिमी दिल्ली के नजफ -गढ़ में स्थित जैन तीर्थ भरत क्षेत्रम् पहुंचे। वहाँ विशाल विनयांजलि सभा में आचार्य श्री विमर्शसागर जी मुनिराज ने अपने गुरुवर महासने गणान्चार्य श्री विरागसागर जी महामुनिराम के चरणों में भान- श्रद्धासुमन समर्पित करते हुए एक दूरदर्शी विचारधारा धारण करने वाले महान आचार्य थे। कहा- हमारे गुरुवार। गुरुदेव ने अपने साधना काल में प्रत्येक कार्य सोच-समझकर एवं आगम आज्ञा पूर्वक सम्पापित किये हैं। आर जो यह समाचार प्राप्त हुआ, इस भवितव्यता से भी गुरुदेव पूर्व से ही परिचित थे। इसी कारण उन्होंने समय से पूर्व ही अपने पद व जिम्मेदारी को त्याग दिया था, वे पूर्णत: हलके होकर उर्ध्वलोक में गये हैं अत: निश्चित ही उपरिम स्वर्गों में गुरुदेव ने जन्म प्राप्त किया होगा। मुझे याद था रहे वे वात्सल्य भरे क्षण जो मैंने शुकदेव के चरणों में, उनकी गोद में सिर रखकर बिताये थे। गुरुदेव हमारे बीच नहीं रहे लेकिन वे हमारे साथ थे और हरदम हमारे पास में रहेंगे। 05 जुलाई शुक्रवार को जनसमुदाय के बीच नजफगढ़ जैन समान के अग्रह पर ऋाचार्य श्री विमरे चागर जी ने कहा- 4 जुलाई- आचार्यश्री विरागसागर जी मुनिराज का समाधि दिवस अहिंसा शाकाहार दिवस के रूप में मनाया जाए, यही मेरा ममल आाशीनार है।

07 जुलाई को पश्चिमी दिल्ली संभाग के 29 जैन मंदिरों के समस्त पदाधिकारी-गणों के आग्रह पर आचार्य श्री विगर्शसागर जी ससंघ सानिध्य में सेक्टर-10 के सभा मण्डप में गणान्चार्य श्री विरागसागर जी महामुनिराज के सर्वोत्तम समाधिमरण के अवसर पर विशाल विनयांजलि सभा आयोजित की जा रही है। 07 जुलाई। की प्रात: बेला में जिनमंदिर का शिलान्यास तथा उसी दिन संध्याबेला में विशाल विनयां जलि सभा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तगण गणाचार्य श्री के चरणों में अपने भाव ङ्क श्रद्धासुमन समर्पित करेंगे। साथ रहेंगे उपाध्याय श्री विशोक सागर जी मुनिराज। **-विशु दीदी**

## विदिशा की ओर चल रहा मंगल विहार, चातुर्मास हेतु जैन समाज ने श्रीफल अर्पित कर किया निवेदन

### करो तैयारी चातुर्मास की कर्नाटक के संत नियम सागर महाराज स संघ की



**विदिशा ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्य गुरूदेव श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य एवं आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती तथा उन्ही के साथ तीसरे क्रम पर दीक्षा लैंने बाले निर्यापक श्रमण दक्षिण के वरिष्ठ मुनि श्री नियमसागर जी महाराज, मुनि श्री पवित्र सागर जी महाराज, मुनि श्रीआदिसागर जी महाराज सहित क्षुल्लक श्री सयम सागर जी महाराज स संघ से विदिशा नगर में चातुर्मास करने हेतु सकल दि. जैन समाज विदिशा मंगल विहार में पहुंचकर चातुर्मास का निवेदन किया श्री फल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर मुनि श्री नियमसागर जी महाराज ने भक्तों को आशीर्वाद देते हुये कहा कि विदिशा के बारे में सुना तो बहूत था लेकिन जब आचार्य श्री ने कहा कि आपको विदिशा जाना है तो मुझे भी बड़ी प्रसन्नता हुई कि ऐसे भक्तों के बीच चातुर्मास करने का संयोग मिलेगा जंहा पर षठखंडागम ग्रंथ का प्रथम प्रकाशन हुआ है।

उन्होंने विदिशा बासिओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि इन्दिय सुख शास्वत सुख नहीं है, इन्द्रिय सुख मिलता है तो आत्मीय सुख छूटता है जो सुख शास्वत सुख नहीं है वह सुख तो नकली सुख है, असली सुख कभी भी पराधीन नहीं होता वह तो सदैव से स्वाधीन होता आया है, एवं सभी जीवों का कल्याण करने बाला है, उन्होंने कहा कि जिनेन्द्र भगवान की बाणी को जब हम पड़ते है तो अंतरंग से जीवन के द्वार खुलते है, यह एक नैसर्गिक धर्म है।सृष्टि परिवर्तन की चर्चा करते हुये कहा कि जिनेन्द्र भगवान कहते है कि, छै दृव्यों में यदि कोई दृव्य है तो वह दृव्य है, पुदगल और जीव दृव्य जो सदैव सक्रीय रहता है, जिसका अनुभव हम प्रतिक्षण महसूस करते है, पुदगल स्वं साथी नहीं बनता बल्कि जीव दृव्य ही उसे साथी बनाता है, मुनि श्री ने कहा कि जिनधर्म आत्मीय शांत सुख को खोजने का मार्ग है यह रहस्य यदि किसी को पता चल जाऐ तो वह सांसारिक सुख को त्याग देता है, सांसारिक सुख में सुख के पश्चात दु:ख चल करके आता है! जैसे रेलगाड़ी आगे बढ़ती है उसी प्रकार सु:ख- दु:ख -सु:ख दु:ख के रुप में संसारी जीवों का यह जीवन में क्रम आगे चलता रहता है यह सु:ख दु:ख अनादि से चलता आया है, और चलता रहेगा उन्होंने कहा कि इन्द्रिय सुख को त्याग कर आत्मीय सुख की ओर आगे बड़ोगे तो सु:ख के बाद दु:ख और दु:ख के बाद सु:ख यह अबस्था नहीं रहेगी उन्होंने कहा कि आचार्य श्री की आज्ञा से 25 साल दक्षिण में रहा, और 25 साल के बाद जब हम उत्तर की ओर आऐ तो विदिशा बालों के सौभाग्य से प्रभावना के लिये आचार्य श्री के मुखारविंद से चातुर्मास के लिये विदिशा का नाम आया तो मेंने कहा कि विदिशा हो या अन्य कोई क्षेत्र जंहा भी जाऊंगा भव्य जीवों का कल्याण ही होगा उत्तर भारत में आने के पश्चात विदिशा में यह मेरा पहला चातुर्मास होगा सकल दि. जैन समाज प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनि श्री ने लगभग 19 मिनट का प्रवचन विना माईक के सहजता के साथ दिया। **-अविनाश जैन**

## पत्थर एक बार मंदिर गया भगवान बन गया, आदमी जिन्दगी भर मंदिर गया, इंसान नहीं बन पाया : आचार्य श्री प्रसनसागर जी



**औरंगाबाद/हैदराबाद ( विश्व परिवार )।** आचार्य श्री प्रसनसागर जी महाराज ने कहा, पत्थर एक बार मन्दिर गया, भगवान बन गया, आदमी जिन्दगी भर मन्दिर गया, इंसान नहीं बन पाया। पत्थर में भगवान है, यह समझाने में धर्म सफल रहा। पर इंसान में इंसान है, यह समझाने में धर्म आज भी असफल है। आज का कड़वा सच-दुनिया में सबसे ज्यादा मारा जाने वाला जीव मुर्गा है, क्योंकि जिसने भी दुनिया को जगाने की कोशिश की, वह हमेशा मारा गया। दूसरा कड़वा सच- पुराने जमाने में लोग एक दूसरे की हिम्मत बढ़ाते थे, और आज कल ब्लड प्रेशर बढ़ाते हैं।

आज का आदमी पहले के आदमी से ज्यादा चतुर, चालाक और होशियार हो गया है। इसलिए व्हाट्सएप आने के पहले, पढ़ाई कर ली। मैगी आने के पहले, हम बड़े हो गये। मोबाइल आने के पहले, हमने शादी कर ली। अब सोचो कैसे परिवर्तन आयेगा- परिवार प्रसत्र होगा, तो धर्म में भी मन लगेगा। तीर्थ यात्रा पर जाओ, तो पाँच पाप मत करना। इसके तहत रात्रि भोजन नहीं करना चाहिए। संभव हे सके तो पानी का बूंड भी मत गोना। कैसा भी निमित मिले, कोई भी कारण हो, क्रोध मत करना। यात्रा की अवधि में गुटखा, तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट आदि नशीले भीजों का प्रयोग मत करना। साधुओं की आलोचना मत करना। यात्रा में नए, स्वच्छ, मर्यादित कपड़े पहनना, पुराने फाटे, गंदे, वेद वाले कपड़े मरा पहनना, नहीं तो एकत्रित किया हुआ चारा पुष्य बह जाएगा। आपको ऐसे भरपूर निमित्त मिलेंगे, जो आपको उपरोक्त काम नहीं करने देंगे। शुभ कार्य में ही मन खराब करने वाले निमित्त मिलते हैं। पाप के कामों में नहीं।

उक्त उद्गार आगापुरा जैन मंदिर में शिक्षण शिविर में तपाचार्य 108 प्रसनसागरजी महाराज ने व्यक्त किए। मुनिश्री ने कहा कि तुम इस प्रकार से यात्रा करोगे, तो देखो कितना शुभ फल प्राप्त होता है। उपाध्याय 108 पीयूषसागरजी ने आज जिनवाणी के चार अनुयोगों प्रथमानुयोग, करुगानुयोग, बरजानुयोग, द्रव्यानुयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए इनके विभिन्न शास्त्रों, उनके लेखकों व उनकी विषय वस्तु बारे में चर्चा। महाराज ने कहा कि जीवन में स्वाध्याय अत्यंत आवश्यक है। स्वाध्याय नित्य कम से कम 15 मिनट अवश्य करें। तरुणभैयाजी ने पंच परमेष्ठी के माध्यम से ध्यान कराकर मन को कैसे एकाग्र किया जा सकता है, इसका अभ्यास कराया। पुण्यप्रभा माताजी ने 24 तीर्थकनों के बारे में जानकारी दी।

मुनिन्द उपदेश देते हैं- प्रवर्तक मुनि सहजसागरजी महाराज ने गृहस्थ के द्वितीय कर्तव्य गुरु उपास्ति पर प्रकाश डाला। मुनिराजों के आहार की समुचित व्यवस्था, विहार में उनके साथ चलना, उनकी वैवावृत्ति करना, कोई रोग हो तो औषधि की व्यवस्था करना, जीवन से शिक्षाएँ लेना तथा उनसे कोई नियम, संयम अंगीकार करना तथा उनकी समुचित पूजा, भक्ति, विनय करना गुरु उपास्ति है। हम किस प्रकार गुरु के रत्नत्रय की वृद्धि में सहायक हो राबाते हैं, यह सत्र बवभों को ध्यान रखना चाहिए, उन्होंने प्रथमानुयोग के अनेक दुहाना बताते हुए कहा कि महिलाओं को सीता, अंजना, मैना सुंदरी, त्रिशला, चंदनबाला आदि के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। परिवार तो है, पर सुख, बैन, शांति नहीं है। 24 घंटे में आधा घंटा भी परिवारजन एक साथ नहीं बैठते, साथ भोजन नहीं करते, एक-दूसरे के सुख-दु:ख से कोई मतलब नहीं, तो परिवार क्या स्वयं सुखी और प्रसत्र रहेगा। परिवार में सत्रको शांति, प्रसत्रता हो, तो धार्मिक कार्यों में भी मन लगेगा। उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्यों के जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ के दिन पूरे परिवार को एक साथ सबसे पहले सुबह मंदिर में पूजन करना चाहिए। फिर सबको एक साथ एक थाली में भोजन करना नाहिए। शास्त्रों में पत्ती को परमेश्वर, भगवान, प्राणनाथ माना गया है। जब तक यह था, तब तक परिवार खुशहाल थे।

**-पियुष कासलीवाल, नरेंद अजमेरा**

## स्वाध्याय से पुण्य की प्राप्ति और कर्मों की निर्जरा होती हैं : आर्यिका श्री सृष्टि भूषण माताजी



**टीकमगढ़ ( विश्व परिवार )।** आचार्य श्री सुमति सागर जी एवं विद्या भूषण आचार्य श्री सन्मति सागर जी महाराज की शिष्या गणिनी आर्यिका श्री सृष्टि भूषण माताजी का मंगल प्रवेश टीकमगढ़ में हुआ।बुंदेलखंड के सिद्ध क्षेत्र अतिशय क्षेत्र की यात्रा कर आपने नगर में प्रवेश कर नगर के पारस धाम, बड़ा मंदिर, नया मंदिर, बाजार, जिनालयों में दर्शन किए। आचार्य श्री विशद सागर जी महाराज के संघ सहित दर्शन कर जुलूस का समापन वेद कॉलोनी पारस जिनालय वेद कॉलोनी टीकमगढ़ में हुआ आयोजित धर्म सभा में आर्यिका श्री सृष्टि भूषण माताजी ने बताया कि वर्षायोग में साधु चातुर्मास करते हैं, किंतु साधुओं के साथ श्रावको का भी चातुर्मास होता है। आपको असीम पुण्य से तीर्थंकर कुल जैन धर्म में मनुष्य पर्याय मिली है, इसलिए देव शास्त्र गुरु रतनत्रय रूपी धर्म देशना से जीवन में परिवर्तन लाना चाहिए। संसार के आवागमन से मुक्त होने के लिए आपको देव शास्त्र गुरु सम्यक दर्शन सम्यक ज्ञान सम्यक चारित्र अणुव्रत महावृत तप संयम को अपनाने से पुरुषार्थ करने पर सिद्धालय की प्राप्ति हो सकती है स्वाध्याय से ज्ञान प्राप्त होता है जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करता है इसलिए धर्म को धारण कर पुरुषार्थ कर मोक्ष मार्ग का पथिक होना चाहिए।नियम छोटा या बड़ा हो उस से पुण्य का आश्रव होता है तथा कर्मो की निर्जरा होती है समाज संरक्षक अनिल भदौरा, एवं अध्यक्ष राजेंद्र अनुसार आर्यिका श्री विश्वयश मति माताजी ने बताया कि पुण्यशाली जीवो को चातुर्मास का लाभ मिलता हैं धर्म सभा में उदासी के बजाय उत्साह शरीर, नेत्रों चेहरे से प्रगट होना चाहिए। आप यह भाव मत बनाओ कि हम चातुर्मास करा रहे हैं, वरन यह भावना होना चाहिए कि हमें पुण्य के कारण साधुओं का समागम वर्षायोग मिला है आर्यिका माताजी ने परमपूज्य आचार्य श्री विराग सागर जी का गुणानुवाद कर भावांजलि अर्पित की।इसके पूर्व इंदौर राजेश पंचोलिया महावीर जी आदि से बाहर से पधारे अतिथियों का समाज द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर राजा कारी, अनिलभदौरा, जिनेन्द्र, राकेश, प्रकाश चंद्र, सचिन, अरुण, पवन वेद्य मिंटू, प्रमोद, किरण, सपना, सविता एवं श्वेता ने आर्यिका श्री सृष्टि भूषण एवम आर्यिका श्री विश्व यश में माताजी को वर्ष 2024 के वर्षायोग के लिए श्रीफल भेंट किया।

## नेहरू युवा केंद्र ने आयोजित की देश की पहली...पेज-08 का शेष

संबंधित विभाग के मंत्रियों ने अपने-अपने अनुसार उत्तर दिए। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष के आदेशानुसार सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुई। यूनिसेफ चीफ, विलियम जूनियर ने बताया की नेहरू युवा केंद्र संगठन छत्तीसगढ़ एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में युवा गोठ कार्यक्रम की पहल बहुत ही प्रेरणार्तक है जिससे युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए युवाओं की भूमिका अति महत्वपूर्ण है साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए महिलाओं की भूमिका बोहोत ही महत्वपूर्ण है। समुदाय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं व युवतियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। वन मंत्री श्री केदार कश्यप जी के द्वारा लगातार हो रहे जलवायु परिवर्तन के रोकथाम जो उनके सरकार द्वारा किया गया उसके बारे में बहुत ही विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने बताया की प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी जी के विशेष कार्यक्रम एक पेड़-माँ के नाम के अंतर्गत सभी से आग्रह करते हुए कहा की हमारे छत्तीसगढ़ को बेहतर बनाने के लिए वृक्ष रोपण हमारे लिए जरूरी है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने बताया की पीने लायक पानी जो कि 0.5 त्न है वह भी लगातार मानव द्वारा दूषित किया जा रहा है। मौसम के संतुलन मे लगातार गिरावट के कारण तापमान मे बदलाव देखने को मिलेगा। इसलिए भूजल, नदियां व अन्य जल स्त्रोत को बचाने के लिए युवाओं को प्रयान्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे बताया की सौर्य ऊर्जा के उपयोग को आम जन तक पहुंचाने मे युवाओं की सक्रियता जरूरी है।

**पर्यावरण चैम्पीयन-युवाओं का हुआ सम्मान :** 16 जिले-रायपुर, दुर्ग, धमतरी, कोरबा, कोरिया, चांपा, राजनंदगांव, कंकेर, दाँतेवाड़ा, बस्तर, महासमुंद, बिलासपुर, कवर्धा, रायगढ़, जशपुर, सुरगुजा के युवाओं का सामुदायिक विकास व पर्यावरण के क्षेत्र मे पर्यावरण के क्षेत्र मे उत्तकृष्ट कार्य करने वाले युवा चैंपियंस का डॉ रमन सिंह द्वारा सम्मान किया गया।

**नेहरू युवा केंद्र के ज़िला अधिकारियों का हुआ सम्मान :** जिले मे उत्तकृष्ट कार्य करने पर अर्पित तिवारी, ज़िला युवा अधिकारी, रायपुर व नितिन शर्मा, ज़िला युवा अधिकारी, दुर्ग को सम्मानित किया गया है।

**युवा गोठ विडिओ का हुआ विमोचन :** नेहरू युवा केंद्र संगठन के उत्कृष्ट युवा मंडलों द्वारा सामुदायिक विकास के लिए किए गए कार्यों को प्रोत्साहित करते हुए एवं लाखों युवाओं को मार्गदर्शन देने के लिए विडिओ बनाया गया। यह विडिओ युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत के साथ साथ प्रशिक्षण के लिए भी उपयुक्त है। अंत मे अर्पित तिवारी, जिला युवा अधिकारी, रायपुर द्वारा सभी को ध्यानवाद ज्ञापित किया गया।

## पूर्व दिल्ली सांसद महंत महेश गिरि द्वारा गिरनार पर 22वें जैन तीर्थंकर नेमिनाथ को निर्वाण लाडू समर्पण को षडयंत्र बताकर जैन समाज को रोकने के लिए उग्र हिंसा का डर दिखाना लोकतंत्र में चिंताजनक

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने कहा कि जूनागढ़ में पूर्व दिल्ली सांसद महंत महेश गिरि द्वारा जारी वीडियो में 13 जुलाई को गिरनार पर जैन तीर्थंकर नेमिनाथ की मोक्षस्थल पर निर्वाण लाडू समर्पण को षडयंत्र बताना जैन धर्म और सिद्धांतो का अपमान है और जैन समाज को रोकने के लिए उग्र हिंसा की धमकी देना गुजरात हाई कोर्ट के 17 फरवरी 2005 के गुजरात हाई कोर्ट के आदेश की अवमानना और लोकतंत्र में अल्पसंख्यक जैन समाज के अन्याय की पराकाष्ठा जैन समाज को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं।




संजय जैन ने बताया जैन शास्त्रों और पुरातत्व विभाग द्वारा प्रकाशित शिलालेखो और रिपोर्ट में गिरनार की सबसे ऊंची चोटी उज्जयंत से तीर्थंकर नेमिनाथ के मोक्ष जाने, उनके प्राचीन चरण और पाषाण में उकेरी नेमिनाथ प्रतिमा की प्रमाणिक जानकारी गिरनार पर जैन समाज के दर्शन करने और मोक्ष स्थल पर वर्ष में एक बार लाडू समर्पण धार्मिक, पुरातात्विक और संवैधानिक रूप से मान्य हैं।

संगठन के संरक्षक गोल्डी जैन, अशोक जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री यश जैन, मंत्री मनीष जैन ने भगवान नेमिनाथ के चरण मोक्षस्थल को पुरातत्व विभाग के अंतर्गत होने पर भी कुछ लोगो द्वारा इस पर जबरन कब्जा करने के विरुद्ध संगठन की सभी शाखाओं, सहयोगी संस्थाओं जैन तीर्थरक्षकों से एकजुट होकर केंद्र और गुजरात सरकार से तीर्थंकर नेमिनाथ मोक्षस्थल पर सुरक्षित दर्शन और लाडू समर्पण के धार्मिक अधिकारों की मांग की। संगठन की महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय संयोजिका रुचि जैन, कोषाध्यक्ष मयंक जैन, प्रचार मंत्री प्रदीप जैन, मीडिया प्रभारी आकाश जैन, आरटीआई सेल संयोजक सलेक चंद जैन और सम्मानित सदस्य अनुज जैन, नोएडा से वरिष्ठ सदस्य वीरेंद्र जैन और राहुल जैन ने जैन समाज को गिरनार पर न जाने के लिए बार बार हिंसा का डर दिखाने को दुखद बताया और गुजरात पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्यवाही के साथ पूरे गिरनार पर्वत पर विशेषरुप से पांचवी टोंक पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और 3 नवंबर 2023 को सरकार को प्रेषित सभी मांगों के पूरे ना होने पर जन आंदोलन आरंभ करने की मांग की।

बलबीर नगर, दिल्ली से जैन समाज अध्यक्ष अचल जैन, रवि जैन गुरुजी, जैन लाइफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन जैन प्रिय, राम नगर जैन समाज अध्यक्ष संदीप जैन, विश्वास नगर से दीपक जैन %डेक वाले%, रवींद्र जैन ऋषभ विहार, राहुल जैन गुलाब वाटिका, एडवोकेट राजेश जैन, विपुल जैन और अन्य सभी वक्ताओं ने गुजरात हाई कोर्ट के 17 फरवरी 2005 के आदेशों का पालन करते हुए गिरनार पर 2004 में बने अवैध निर्माण तोड़ने, सुरक्षित दर्शन और लाडू अर्पण की जैन समाज की मांग पर 13 जुलाई से पूर्व लिखित कार्यवाही की मांग दिल्ली एनसीआर से आए समाज के सैंकड़ों गणमान्यों की उपस्तिथि में की और मांग पूरी न पूरी होने पर देशव्यापी आंदोलन के लिए विश्व जैन संगठन का पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। **-आकाश जैन**

## संक्षिप्त समाचार

### जिला जेल में संगीतमय भक्ति सत्संग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** कार्यालय जिला जेल से प्राप्त जानकारी अनुसार दन्तेवाड़ा के जिला जेल में श्री सदगुरु कबीर साहेब की जयंती के अवसर पर पद्मश्री डॉ0 भारती बंधु का संगीतमय भक्ति सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के शुरुआत में पर्यावरण बचाओ का संदेश देते हुए पद्मश्री डॉ0 भारती बंधु उनके सदस्यों द्वारा जेल परिसर में अमरूद, कटहल, एवं आंवला के फ्लदार एक-एक पौधे का रोपण किया गया। भक्ति संगीत के आरंभ में जेल अधीक्षक श्री जी.एस.शोरी द्वारा सदगुरु कबीर साहेब के बारे संक्षिप्त में जानकारी दिया गया उसके पश्चात पद्मश्री डॉ0 भारती बंधु द्वारा प्रसिद्ध भजन ''कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं'' सहित अन्य भजन एवं कबीर के दोहे की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। जिसे बंदियों द्वारा उत्साहपूर्वक सराहा गया। इस प्रेरणास्पद कार्यक्रम से बंदियों में नया उत्साह संचारित हुआ। उक्त सत्संग कार्यक्रम में श्री अनुभव भारती (गायक), श्री पावासनंद भारती (गायक), श्री सी. एस. मुक्तानंद भारती (तबला वादक), श्री झंकार भारती (सह गायक) श्री सयम्सयंत भारती (ढोलक वादक), एवं जिला जेल दंतेवाड़ा से जेल अधीक्षक श्री जी.एस.शोरी एवं जेल कर्मचारी एवं जेल परिरुद्ध 400 बंदी सम्मिलित हुए।

### फोटोग्राफी में कैरियर बनाने के लिए छात्र, छात्राओं की रूचि को मिली प्रेरणा

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में कैरियर काउंसलिंग 2024-25 का कार्यक्रम जिले के समस्त शासकीय स्कूलों में चलाया जा रहा है जिसके तारतम्य में दिनांक 03 जुलाई 2024 को फोटोग्राफी के एक दिवस की कार्यशाला स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल दंतेवाड़ा में आयोजित की गई थी। इस कार्यशाला में दिल्ली से आयी फोटोग्राफी टीम के सदस्य श्री विक्की रॉय एवं श्री चंदन ने छात्र, छात्राओं को अपने जीवन के संघर्ष के बारे में छात्रों को बताते हुए उन्हें प्रेरित किया।उन्होने छात्रों को बताया कि वे पहले घर से भागकर, इधर-उधर भटकते रहे। फिर अनाथालय में रहकर उन्होंने 10वीं तक की पढ़ाई की, पढ़ाई में अधिक रूचि न होने के कारण उन्होंने फोटोग्राफी करनी शुरू कर दी। और आज वे एक अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफर हैं। उन्होंने छात्रों को बताया कि यदि उनमें अपने रूचि के प्रति जुनून है तो वह संघर्ष से लड़ते हुए भी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इसी कार्यक्रम में जिला मुख्यालय के 3 हायर सेकेण्डरी विद्यालय के लगभग 170 बच्चों ने फोटोग्राफी कार्यक्रम में भाग लिया।

### लोकोस एप्प के माध्यम से समूह की महिलाओं का काम होगा आसान

**धमतरी(विश्व परिवार)।** अब स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी लाखों महिलाओं का काम ''लोकोस'' आसान करेगा । मेकर और चेकर कॉन्सेप्ट पर आधारित इस मोबाइल ऐप पर समूह का पूरा विवरण दिखेगा। ऐसे में समय की बचत होगी। इस ऐप को स्वयं समूह की महिलाएं भी ऑपरेट कर सकती हैं। जिले राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत 9 हजार 122 स्वसहायता समूहों से जुड़े 1 लाख 74 महिलाओं की सुविधा के लिए ''लोकोस'' एप्प की शुरुआत की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने ''लोकोस'' के संबंध में बताया कि-लोक अर्थात जनता के लिए आपरेटिंग सिस्टम। यह स्व-सहायता समूह एवं उनके संघ (ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संगठन) की बैठक, कार्यवाही एवं वित्तीय लेनदेन की जानकारी को हितधारकों जैसे समूह सदस्य, सामुदायिक संवर्ग, मिशन स्टॉफ, बैंक एवं वित्तीय संस्था तथा प्रशासन को डिजिटल फार्म में ऑनलाईन डाटा उपलब्ध कराने हेतु तैयार किया गया मोबाईल एप्लीकेशन है। इस एप्लीकेशन के माध्यम से ई-बुक कीपर्स दीदियों द्वारा समूह या संगठन की बैठकों में जाकर उनकी जानकारी को ऑनलाईन एंट्री कर डिजिटाईज किया जावेगा। समूह के लेनदेन डिजिटल फार्म में ऑनलाईन उपलब्ध होने के पारदर्शिता तथा विश्वसनीयता बढ़ेगी। समूहों के वित्तीय स्थिति तथा लेनदेन की सही-सही जानकारी प्राप्त हो सकेगी। समूहों का ग्रेडिंग आसानी से किया जा सकेगा। समूहों के ऋण प्रकरण ऑनलॉईन बैंकों को प्रेषित किया जा सकेगा। यह भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें लखपति दीदी ग्रामीण क्षेत्र में वित्तीय लेनदेन के क्रियान्वयन में सहायक होगें। उन्होंने यह भी बताया कि-समूह की महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' अंतर्गत ''लोकोस'' एप्लीकेशन के लेनदेन मॉड्यूल पर 395 ई-बुक कीपर्स एवं स्टॉफका चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र, कुरूद में दिया जा चुका है एवं वर्तमान में प्रशिक्षण जारी है।

# ग्राम तनेली की दीदियों को मिला केला खेती का प्रशिक्षण

**उल्लेखनीय है कि ग्राम तनेली की कृषि भूमि अप्रत्याशित रूप से केला उत्पादन के लिए अनुकूल पाई गई है**



**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' योजना का महत्वाकांक्षी उद्देश्य है कि ग्रामीण महिलाओं के लिए उनके रहवास के अनुकूल उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों में ही रोजगार के अवसर तलाशे जायें। क्योंकि कई ऐसे प्राकृतिक उत्पाद ग्रामीण क्षेत्रों में सहज उपलब्ध है। जिनका दोहन स्थानीय स्तर में ही किया जाता है परन्तु उसे आजीविका के दृष्टिकोण से अभी नहीं देखा गया हैं बदलते दौर में जैविक उत्पादन की मांग बढ़ी है आज भी आम जनों के बीच प्राकृतिक उत्पाद प्रसंस्कृत उत्पादों के मुकाबले कहीं ज्यादा लोकप्रिय है। इसे दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' योजना के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा कुआकोंडा विकासखंड के सुदूर अंचल ग्राम ''तनेली'' को केला उत्पादन हेतु चयनित किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम तनेली की कृषि भूमि अप्रत्याशित रूप से केला उत्पादन के लिए अनुकूल पाई गई है। यहां के लगभग सभी घरो की आसपास बाड़ियों व खेतों में केले पेड़ बहुतायत रूप से पाये जाते है। जिसे स्थानीय ग्रामीण यूं ही हाट बाजारों में विक्रय कर दिया करते है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' योजना के तहत यहां केला उत्पादन की संभावना एवं महिला समूहों को घर बैठे रोजगार देने उद्देश्य से स्व-सहायता समूहों को संगठित, प्रेरित किया जा रहा है। इस क्रम में लखपति महिला पहल अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को आजीविका एवं उनके आय में वृद्धि करने के लिए ग्राम की केले के उत्पादन से जुड़ी 95 महिला दीदियों का चिन्हांकन कर उद्यानिकी विभाग एवं विकासखंड परियोजना प्रबंधक द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिनमें उन्हें प्राकृतिक रूप से उत्पादित केले का रख-रखाव रोगों से रोकथाम एवं उनके संवर्धन की जानकारी दी गई। साथ ही इसके विपणन हेतु उत्पादक समूह का गठन किया गया है। इसके अलावा उक्त ग्राम में केले की प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए पौधों का संरक्षण, संवर्धन तथा खाली जमीनों में केले के पौधों का रोपण किया जा रहा है।

## जिले में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करें - कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह

**बालोद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम को सफ्ल बनाने हेतु सभी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम का जिले में सफ्ल क्रियान्वयन हेतु आयोजित समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने सभी के लिए शिक्षा हेतु प्रारंभ की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अनुसंशित 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के जिले में सफ्ल क्रियान्वयन हेतु किए जा रहे उपायों की भी विस्तृत समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि केन्द्र परिवर्तित योजना 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को शत प्रतिशत साक्षर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री पीसी मरकले, 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के जिला स्तरीय नोडल अधिकारी श्री राधेश्याम साहू एवं विकासखण्ड नोडल अधिकारियों के अलावा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, संकुल समन्वयक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने जिले में 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम को सफ्ल बनाने हेतु निर्धारित लक्ष्य एवं रणनीति के संबंध में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के अलावा विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों से बारी-बारी से जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने विकासखण्ड नोडल अधिकारियों से 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के सर्वे 'उल्लास एप्प' में एंट्री कार्य के संबंध में बारी-बारी से जानकारी ली। उन्होंने सभी विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों को 01 सप्ताह के भीतर एंट्री के कार्य को अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। श्री चन्द्रवाल ने विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों से एंट्री कार्य से आ रही परेशानियों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को आम जनता को 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान कर तथा अभियान चलाकर एंट्री कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने 'उल्लास केंद्र' तथा शिक्षार्थियों एवं स्वयं सेवी शिक्षकों का चिन्हांकन, उल्लास कार्यक्रम हेतु वातावरण निर्माण, प्रवेशिका निर्माण, पठन-पाठन सामग्रियों की व्यवस्था, 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम में स्वयं सेवी संस्थाओं एवं अन्य संस्थाओं की व्यवस्थाओं, कुशल प्रशिक्षकों एवं स्वयं सेवी प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण तथा उल्लास केन्द्रों का संचालन आदि की विस्तृत समीक्षा की।

## अच्छा होता यदि विपक्ष के पार्षद जनहित के मुद्दे को लेकर देते धरना - संजय पाण्डे



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** मुद्दा विहीन विपक्ष ने अपना पहला ही धरना जनहित के मुद्दों से अलग,स्वयं के हित में दिया है। यह निगम के लिए शर्मनाक है। भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय पांडे ने कहा कि सत्तासुख में रहते हुए उन्हें जो कक्ष दिया गया था ,वास्तव में वही कक्ष उन्हें अलाट किया गया है। जिस कमरे की माँग नेता प्रतिपक्ष और उनके पार्षदों के द्वारा किया जा रहा है, वह कक्ष साढ़े नौ साल तक मूत्रालय के पानी से सीलन युक्त था। छह माह पूर्व उसकी सीलिंग भी धड़धड़ा कर गिर गई थी। तब सत्ता सुख में लिप्त ,इन तत्कालीन मेयर इन काउंसिल के सदस्य उस कक्ष झाँकने भी नहीं आया करते थे। आज जब महापौर ने उस कक्ष को एक महिला मेयर इन काउंसिल की सदस्य को एलाट कर दिया है तब इनके परेशानी हो रही है । बतौर पूर्व नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे ने कहा है कि विपक्ष कक्ष पाने का अपना हठ छोड़े और मुद्दों की तलाश करें । यदि उन्हें अपने प्राप्त कक्ष में कुछ सुख संसाधन चाहिए तो वह महापौर को लिखित रूप में अपनी माँग रखें। जिसमें विचार कर उन्हें यथायोग्य संसाधन उपलब्ध कराए जा सके।

## पचास लाख रूपए की लागत से किया गया घाट कटिंग कार्य पहले ही बारिश में हुआ बाधित

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** बलरामपुर विकासखंड के ग्राम रजबंधा में स्थित रामचौरा पहाड़ को राम गमनपथ से जोड़ा गया था। वहीं इसके विकास के लिए शुरुआती रूप से 50 लाख रुपए स्वीकृत किए गए थे जिससे दुर्गम पहाड़ का घाट कटिंग का कार्य हुआ था जो पहले ही मूसलाधार बारिश के बाद रास्ता पूरा बाधित हो गया है। रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिससे अब पहाड़ की चोटी तक जाना मुश्किल हो गया है। गौरतलब है कि रामचौरा पहाड़ को रामगमन पथ से जोड़कर इसके विकास के लिए 3 करोड़ 78 लाख रुपए लागत से 1100 मीटर सीढ़ी निर्माण रिटर्निंग वॉल सहित अन्य कार्य कराए जाने थे। जिसके लिए शुरुआती रूप से 50 लख रुपए स्वीकृत किए गए थे। जिसके बाद वन विभाग के द्वारा दुर्गम पहाड़ पर घाट कटिंग का कार्य वन विभाग द्वारा कराया गया था। जिससे पहाड़ी के चोटी तक जाना सुलभ हो गया था एवं लोग बड़ी संख्या में आना-जाना भी करते थे परंतु शुरुआती मूसलाधार बारिश के बाद पूरा मार्ग बाधित हो गया है जिससे अब छोटी तक जाना मुश्किल हो गया है मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। रेंजर निखिल सक्सेना ने बताया कि रामचौरा पहाड़ में वन विभाग के द्वारा घाट कटिंग का कार्य कराया गया था। भारी बारिश के कारण मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिन्हें 15 अगस्त के पूर्व दुरुस्त कर दिए जाएंगे।

## नवोदय विद्यालय में बच्चों को प्रवेश दिलाने कलेक्टर को ज्ञापन

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** ग्राम भेलवाडी में 24 करोड रुपए लागत से जवाहर नवोदय विद्यालय भवन एवं आवासीय परिसर का निर्माण केंद्र सरकार की निर्माण एजेंसी के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से कराया गया है जहां पर स्कूल संचालित हो रहा है परंतु यहां कक्षा छठवीं में अभी भी मात्र 80 बच्चों के स्थान पर 40 बच्चों का प्रवेश लिया जा रहा है जिसे लेकर जिले के दर्जनों अभिभावकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौप 40 बच्चों के प्रवेश के जगह 80 बच्चों के प्रवेश दिलाए जाने की मांग की है। बलरामपुर रामानुजगंज जिले के अभिभावकों ने कलेक्टर को सौप पर ज्ञापन में उल्लेख किया है कि बलरामपुर रामानुजगंज जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है जहां पर जवाहर नवोदय विद्यालय के अपना भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका है परंतु अभी भी यहां विद्यालय के द्वारा 40 बच्चों का ही प्रवेश दिया जा रहा है। जिससे प्रत्येक वर्ष 40 बच्चे यहां शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जा रहे हैं। अभिभावक ने बताया कि यहां करीब 8 वर्षों से जवाहर नवोदय विद्यालय मैं पढ़ाई हो रही है पहले जहां दूसरे भवन में बहुत ही परेशानी के साथ स्कूल का संचालन होता था वहीं अब नए भवन में स्कूल का संचालन हो रहा है परंतु इसके बाद भी अभी भी मात्र 40 बच्चों का ही प्रवेश लिया जा रहा है जिले के अभिभावकों ने 80 बच्चों के प्रवेश दिलाए जाने की मांग कलेक्टर से की है। प्रत्येक वर्ष 10 से 12 हजार बच्चे देते हैं परीक्षा...... जिले में प्रत्येक वर्ष जिले के सभी विकाशखण्डों को मिलाकर करीब 10 से 12 हजार बच्चे परीक्षा देते हैं वहीं कई बच्चे तो तीसरी कक्षा से ही जवाहर नवोदय विद्यालय की तैयारी प्रारंभ कर देते हैं ऐसे में मात्र 40 बच्चों के प्रवेश लेने से 40 बच्चे यहां पढ़ाई करने से वंचित रह जा रहे हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य सोमनाथ वासु मलिक ने कहा निर्माण पूरा नहीं होने के कारण हम अभी 80 बच्चों नहीं ले सकते अगले सत्र से 80 बच्चों का एडमिशन लेने का पूरा प्रयास किया जाएगा। कलेक्टर आर एक्का ने कहा कि इस संबंध में जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य को बुलाकर समझते हैं कि 40 बच्चे का ही प्रवेश क्यों लिया जा रहा है।

# नीति आयोग के तहत संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का इंडोर स्टेडियम हुआ शुभारंभ

**विधायक द्वारा लक्ष्यों के प्राप्ति के लिए दिलाई गई शपथ**

**63 शाला त्यागी बच्चों को फिर से दिलाया दाखिला**



**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** दंतेवाड़ा जिले में नीति आयोग के द्वारा आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक ''संपूर्णता अभियान'' कार्यक्रम का शुभारंभ आज इंडोर स्टेडियम में स्थानीय विधायक एवं जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में विधायक श्री चैतराम अटामी के द्वारा सभी को नीति आयोग के द्वारा जारी शपथ दिलाई गई। नीति आयोग के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री चैतराम अटामी ने कहा कि नीति आयोग के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में आज यहां शिविर का आयोजन किया गया। नीति आयोग के द्वारा हमारे जिले को 7 प्रमुख विकास सूचकांक दिये गये है जिनमें गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण की प्राप्ति, सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण, हर व्यक्ति की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच, सॉयल हेल्थ कार्ड का वितरण, स्व सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड प्रदाय तथा स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होना शामिल है। इन सब लक्ष्यों के प्राप्ति के लिए जिले में संतोषजनक तरीके से कार्य संपादित हो रहा है। देश के प्रधानमंत्री के मंशानुरूप जनकल्याण योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए शासन प्रशासन प्रतिबद्ध है जैसा कि महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन में आंगनबाड़ी, तथा मितानिन बहनों ने धरातलीय स्तर पर अपने कार्य बहुत लगन से करके हजारों महिलाओं को लाभान्वित किया है। इन सूचकांक के लक्ष्य के अनुरूप काम लगभग जिले में 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और शेष लक्ष्यों के पूर्ति के प्रयास प्रगति पर है। कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, स्वॉयल हेल्थ कार्ड, गर्भवती पोषण आहार, एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल लगाये गये थे। साथ ही शालेय छात्र-छात्राओं के लिए यहां चित्रकला, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी रखी गई हैं। कार्यक्रम के अंत में विधायक एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म की गई।

## व्यापार समाचार

### सैमसंग ने एआई-पावर्ड डिजिटल उपकरणों के लिए 'बीस्पोक एआई डेज़' ऑफर्स पेश किये

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज अपने बीस्पोक एआई-पावर्ड डिजिटल उपकरणों की रेंज पर शानदार ऑफर्स का एलान किया है। इन ऑफर्स के साथ, सैमसंग एआई को आम लोगों में लोकप्रिय बनाना चाहता है और अपने डिजिटल उपकरणों को ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं तक पहुंचाना चाहता है। सैमसंग के बीस्पोक उपकरणों की नई रेंज हमारे रोजमर्रा के काम को व्यवस्थित तरीके से संपन्न करने के लिए एआई का इस्तेमाल कर स्मार्ट जीवनशैली की सुविधा देती है। इससे यूजर्स अपने जीवन में अधिक सार्थक काम करने के लिए समय बचा पाते हैं, जो कम करो, बेहतर जिंदगी जियो (डू लेस, लिव मोर) के सिद्धांत के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। 5 जुलाई से अगले 10 दिनों के दौरान ग्राहक एआई-पावर्ड लिविंग के फायदों के बारे में जानने के लिए कंपनी के विशेष ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। ये बीस्पोक एआई-पावर्ड उपकरण उपयोगकर्ताओं को इनकी सेटिंग्स को पर्सनलाइज करने, सभी उम्र के लिए उपयोगकर्ताओं के जरूरत के मुताबिक नियंत्रण प्रदान करने और अधिकतम कार्यक्षमता के लिए त्वरित निदान प्रदान करते हैं। सैमसंग इंडिया के डिजिटल अप्लायंसेज के सीनियर डायरेक्टर सौरभ बैशाखिया ने कहा बीस्पोक एआई के साथ, सैमसंग ने प्रीमियम ग्लोबल टेक्नोलॉजी को भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुंचाया है।

### एयर कूलर सेगमेंट के दिग्गरज केनस्टार ने अब बड़े अप्लायंसेज को लॉन्च किया

**रायपुर।** केनस्टार ने प्रतिष्ठित हयात मानेसर में अपने सालाना व्यावसायिक सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें 1000 से अधिक पार्टनर्स शामिल हुए। इस एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान कंपनी ने भविष्यं में की जाने वाली साझेदारियों एवं भावी योजनाओं पर चर्चा की। बिजनस ईयर 2023-24 की बेमिसाल उपलब्धियां- 2023-24 का कारोबारी साल केनस्टार के लिए उपलब्धियों वाला वर्ष रहा। कंपनी 55 प्रतिशत ग्रोथ के साथ 130 प्रतिशत का टारगेट हासिल करने में सफल रही। अपने संबोधन भाषण में, केनस्टार के सीईओ श्री सुनील जैन ने केनस्टार की क्षेत्रीय और वैश्विक सफलताओं का जिक्र करते हुए कहा, हम पूरे दक्षिण क्षेत्र में नेतृत्वक कर रहे हैं और हमने कर्नाटक में अपनी नंबर 1 पोजीशन को फिर से हासिल कर लिया है। पूर्वी और पश्चिमी बाजारों में हमारा प्रभुत्व जारी है, साथ ही ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भी हमारी स्थिति मजबूत हुई है। उत्तर भारत में बड़े कूलर की मांग बढ़ रही है। इस क्षेत्र में अग्रणी स्थिति हासिल करने की हमारी यात्रा बेहद सफल रही है। इन उपलब्धियों के साथ, हम देश में नंबर 1 एयर कूलर ब्रांड बनने की राह पर हैं। हमने मौजूदा दौर के ग्राहकों की ज़रूरतों के साथ तालमेल बनाए रखा है। हमने अपना ऑनलाइन ई-कॉमर्स और बड़े फॉर्मेट का सिलसिला जारी रखा है। कुछ ही वर्षों में, हम पहले से ही ई-कॉमर्स और बड़े फॉर्मेट दोनों चैनलों पर देश में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाले ब्रांड्स में से एक हैं।

### थापर इंस्टीट्यूट ऑफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टीआईइटी) एवं एनवीडिया ने एमओयू साईन करने की घोषणा की

**नईदिल्ली।** थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टीआईइटी) ने एनवीडिया (एनवीडिया) के साथ एक एमओयू साईन करने की घोषणा की, जिसके तहत एनवीडिया (एनवीडिया) एआई यूनिवर्सिटी प्रोग्राम के तकनीकी सहयोग से थापर स्कूल ऑफ एडवांस्ड एआई एंड डेटा साइंस (टीएसएऐएआई) की स्थापना की जाएगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) दुनिया भर के उद्योगों में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है, इनोवेशन को बढ़ावा दे रही है, शिक्षा के भविष्य को नया रूप दे रही है और जीवन को बदल रही है। टीआईइटी और एनवीडिया के बीच एमओयू के तहत, थापर स्कूल ऑफएडवांस्ड एआई एंड डेटा साइंस की स्थापना टीआईइटी के पटियाला कैंपस में की जाएगी। इस इनोवेटिव इनिशिएटिव का उद्देश्य छात्रों और संकाय दोनों को एआई कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाने के लिए कॉम्प्रेहेंसिव एकेडमिक प्रोग्राम, रिसर्च ओपोर्चुनिटी और इनोवेशन प्रोजेक्ट प्रदान करना है। थापर इंस्टीट्यूट ऑफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. पद्मकुमार नायर ने कहा, हम एनवीडिया के तकनीकी सहयोग से इस एआई स्कूल की स्थापना करने के अवसर को लेकर उत्साहित हैं। यह कार्य न केवल एआई विशेषज्ञता में अंतर को पाटेगा बल्कि इस परिवर्तनकारी क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचार का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। यह हमारे दृष्टिकोण को और भी सुदृढ करता है जो भविष्य के लिए तैयार छात्रों को शिक्षा प्रदान करने का है। एनवीडिया के एशिया साउथ के प्रबंध निदेशक विशाल धूपर ने कहा, ग्लोबल एआई एजुकेशन इनिशिएटिव में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में, थापर इंस्टीट्यूट पूरे भारत में एआई विशेषज्ञों की एक नई पीढ़ी को तैयार करने के लिए अत्याधुनिक एनवीडिया तकनीकों को एक साथ लेकर आएगा।

### एयरटेल का पलटवार : डेटा ब्रीच के आरोपों को किया खारिज, बताया कंपनी की प्रतिष्ठा को धूमिल करने की नाकाम कोशिश

**रायपुर।** एयरटेल इंडिया ने डेटा उल्लंघन के दावों का दृढ़ता से खंडन किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि एयरटेल इंडिया के 375 मिलियन उपयोगकर्ताओं के डेटा को डार्क वेब पर बिक्री के लिए उपलब्ध कराया गया था। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर डार्क वेब इंफॉर्मर की पोस्ट के अनुसार, एक गैर-प्रमाणिक डेटा हैकर जिसका नाम ज़ेनज़ेन है, कथित तौर पर एयरटेल इंडिया ग्राहकों से संबंधित डेटा बेच रहा है। ताज़ा जानकारी के अनुसार एक्स पर की गई यह पोस्ट डिलीट कर दी गई है। कथित डेटा ब्रीच में जून 2024 तक अपडेट किए गए 375 मिलियन ग्राहक विवरण शामिल हैं। जून 2024 में हुआ दावा किया गया ब्रीच में मोबाइल नंबर, नाम, जन्म तिथि, पिता का नाम, स्थानीय पता, स्थायी पता, वैकल्पिक नंबर, ईमेल आईडी, लिंग, राष्ट्रीयता, कनेक्शन प्रकार, सिम एक्टिवेशन तिथि, आधार, फोटो आईडी प्रमाण विवरण और पता प्रमाण विवरण जैसे डेटा फ़ील्ड शामिल हैं। यह डेटा, जो एयरटेल इंडिया के ग्राहकों से संबंधित है, एक्सएमआर में 50,000 अमरीकी डालर मूल्य में बेचा जा रहा है।

# पंकज आडवाणी का एशियाई बिलियर्ड्स में विजय क्रम जारी



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टी20 चैंपियन टीम इंडिया अपने वतन लौट चुकी है। टीम के दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचने पर भारतीय फैंस अपने चहेते हीरो की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे। 17 साल पहले टी20 विश्व कप जीतने वाली धोनी ब्रिगेड का रोड शो आज भी हर भारतीय के जेहन में ताजा है। अब उस लम्हे को एक बार फिर जीने का मौका दिया है हमारी नई चैंपियन टीम ने, जिन्होंने अहमदाबाद में हुए हार्टब्रेक पर टी20 ट्रॉफी का मरहम लगा दिया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप 2023 की फाइनल की हार ने पूरे देश को झकझोर दिया था। सदमा इतना गहरा था कि कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली अपने इमोशंस कंट्रोल नहीं कर पाए। लेकिन कुछ महीनों बाद ही टीम इंडिया ने साबित कर दिया की वह बस एक खराब दिन था। चैंपियन टीम को किस्मत नहीं, बल्कि उनकी काबिलियत चैंपियन बनाती है। देश 29 जून 2024 की रात जश्न में डूब गया, देश में दिवाली जैसा माहौल छा गया था। दिलचस्प बात यह है कि इस बार भी रोहित-कोहली अपना इमोशंस कंट्रोल नहीं कर पाए, बस फर्क इस बात का था कि इस बार यह आंसू खुशी के थे। हर भारतीय इस जीत के जश्न में डूबा हुआ था, और अब जब भारतीय टीम ट्रॉफी के साथ घर लौटी है, तो दिल्ली से लेकर मुंबई तक उनके भव्य स्वागत का इंतजाम किया गया है। टी20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम गुरुवार की सुबह बारबेडोस से नई दिल्ली पहुंच गई है। नई दिल्ली में भारतीय टीम के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने के बाद दोपहर को मुंबई के लिए रवाना होगी, जहां नरीमन प्वाइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक रोड शो का आयोजन होगा और उसके बाद वानखेड़े स्टेडियम में उनके लिए सम्मान समारोह रखा गया है। बता दें, हरिकेन तूफान बेरिल के आने से भारतीय टीम पिछले तीन दिनों से बारबेडोस के ब्रिज़टाउन में ही फंसी हुई थी। तूफान के कारण वहां का एयरपोर्ट पूरी तरह से बंद था और हवाई सेवाएं भी स्थगित थीं। इसके बाद बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भारतीय टीम के लिए एयर इंडिया के विशेष चार्टर विमान एयर इंडिया चैंपियंस 24 विश्व कप का इंतज़ाम कराया।

## गरीबों के डॉक्टर अजय सहाय को जयपुर में मिला इंडियाज़ बेस्ट डॉक्टर अवॉर्ड



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सा विशेषज्ञ और अंचल में गरीबों के डॉक्टर के नाम से विख्यात प्रो डॉ अजय सहाय को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में इंडियाज बेस्ट डॉक्टर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। हेल्पेज मीडिया द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश भर से पधारे सैकड़ों चिकित्सकों के बीच इस बात की जानकारी दी गई कि डॉ अजय सहाय आज तक छत्तीसगढ के दूरस्थ ग्रामीण एवम आदिवासी बहुल क्षेत्रों और नक्सल प्रभावित इलाकों तथा कमजोर तबकों के लिए , सैकड़ों नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर चुके हैं और उनके रायपुर स्थित हॉस्पिटल में आर्थिक रूप से अक्षम मरीजों के लिए इलाज की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध है , तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विदित हो कि डॉ सहाय एक प्रसिद्ध समाज सेवी,फिल्म अभिनेता, निर्माता, निर्देशक और पटकथा लेखक भी हैं। इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट गतिविधियों और उपलब्धियों के लिए उन्हें सैकड़ों अंतरराष्ट्रीय , राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर के सम्मान मिल चुके हैं। चिकित्सा के क्षेत्र का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान डॉ बी सी राय अवॉर्ड और सिनेमा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें दादा साहेब फाल्के अकादमी पुरस्कार मिल चुके हैं। अति विशिष्ट समाज सेवाओं के लिए उन्हें पिछले वर्ष भारत के पूर्व राष्ट्रपति माननीय रामनाथ कोविंद के कर कमलों द्वारा भारत रत्न डॉ आंबेडकर सम्मान से विभूषित किया गया था।

## नेक्स्ट भारत वेंचर्स : सुजुकी की पहल, भारत के उद्यमियों को सशक्त बनाने और नेक्स्ट बिलियन भारतीयों की समस्याओं का समाधान करने के लिए 340 करोड़ रुपये का फंड लॉन्च

**नईदिल्ली।** नेक्स्ट भारत वेंचर्स ङ्कस्नस्ष्ट प्राइवेट लिमिटेड ङ्क सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन की एक सहायक कंपनी ने 340 करोड़ रुपये के फंड की शुरुआत की घोषणा की, जिसका उद्देश्य भारत में सोशल इम्पैक्ट स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए विकास कैटेलिस्ट के रूप में कार्य करना है। नेक्स्ट भारत एक सोशल इम्पैक्ट इन्वेस्टमेंट फंड है जो ऐसे प्रभावशाली उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है जो टियर ढ्ढढ्ढ और उससे नीचे के भौगोलिक क्षेत्रों के लिए वैलयू निर्माण कर रहे हैं। नेक्स्ट भारत का उद्देश्य इन प्रभावशाली उद्यमियों का समर्थन करके भारत के अगले अरबों को सशक्त बनाना है। इसका प्राथमिक मिशन देश में प्रभावशाली लोगों के एक समुदाय को विकसित और उसका पोषण करना है, जो स्थायी व्यवसाय के साथ सामाजिक समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। कंपनी की प्रमुख पहल, 'नेक्स्ट भारत रेजीडेंसी प्रोग्राम' में शुरुआती चरण के उद्यमियों के लिए 4 महीने की इमर्सिव रेजीडेंसी शामिल है। रेजीडेंसी प्रोग्राम के लिए आवेदन अब शुरुआती चरण के सभी प्रभावशाली उद्यमियों के लिए खुले हैं। आवेदन प्रक्रिया समावेशी है, जिसमें व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक आसान आवेदन प्रारूप है, जिसमें अधिकतम 2-सप्ताह के आवेदन समीक्षा समय के साथ व्हाट्सएप-आधारित सबमिशन शामिल हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है, और कार्यक्रम 14 अक्टूबर 2024 को शुरू होने वाला है। चयन मानदंड उन उद्यमियों पर केंद्रित है जो प्रभाव-सर्वोपरि हैं, समस्या-समाधान के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण रखते हैं, और भारत के ग्रामीण समुदाय या अनौपचारिक क्षेत्र में योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम के लिए चुने गए लोग जीवन भर नेक्स्ट भारत समुदाय का हिस्सा बने रहेंगे, और इसके समापन के बाद भी उन्हें निरंतर समर्थन और संसाधन प्राप्त होते रहेंगे। यह एक ऐसा मंच है जिसमें उद्योग जगत के नेताओं द्वारा व्यापक सलाह सत्र आयोजित किए जाते हैं, जो संस्थापकों को सहयोग करने और जुड़ने तथा अपने व्यवसाय को शुरू करने और चलाने में मदद करने के लिए एक सार्थक समर्थन प्रणाली बनाने के अवसर प्रदान करता है। रेजीडेंसी कार्यक्रम के बाद, चयनित स्टार्टअप को 1 करोड़ से 5 करोड़ रुपये तक का इक्विटी निवेश मिलेगा।

**Public Works Department**
Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)
E-Procurement Tender Notice
E-mail : tenders-pwd.cg@gov.in

NIT No.037/TC/EinC/ PWD/2024-25 Dated- 28.06.2024

**The Engineer-in-Chief, Public Works Department** on behalf of **Governor of Chhattisgarh** invites **percentage rate bids** on electronic tendering system under **RCPLWE RRP-III** in the district of **Kanker & Narayanpur** for construction of **05 Bridges** with estimated cost amounting **Rs 1488.33 Lacs** including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 02.07.2024 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 15.07.2024

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid onine to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, NirmanBhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur Atal Nagar (C.G.) 492-002** as per provisions of bid document through **Speed/ Registered post,** failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website ofPublic Works Departmenthttp://pwd.cg.nic.in

G-242500848/3

**Chief Engineer**
**(Central Tender Cell)**
**Office of Engineer-In-Chief**
**P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)**

# टीम इंडिया का दिल्ली में फैंस ने किया शानदार स्वागत



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** टी20 विश्व कप की ट्रॉफी के साथ टीम इंडिया भारत लौट चुकी है। एयरपोर्ट से लेकर होटल आईटीसी मौर्य तक क्रिकेट फैंस ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भारतीय खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया। होटल पहुंचने पर कप्तान रोहित शर्मा सहित ऋषभ पंत, सूर्या और हार्दिक जैसे खिलाड़ी भांगड़ा करते नजर आए। टी20 चैंपियन टीम इंडिया गुरुवार को बारबाडोस से भारत लौटी, जहां सैकड़ों प्रशंसकों ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के बाहर लगातार हो रही बूंदाबांदी और कड़ी सुरक्षा के बावजूद टीम इंडिया का भव्य स्वागत किया। दिल्ली में सुबह के समय खराब मौसम के बावजूद, प्रशंसक अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए एयरपोर्ट के बाहर हाथ में छत्री थामे और राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए कतार में खड़े थे। एयरपोर्ट पर मौजूद एक प्रशंसक ने कहा, 11 साल का इंतजार खत्म हो गया है, इसलिए इसका जश्न भी शानदार होना चाहिए। मैं लक्ष्मी नगर से यहां आया हूं, और सुबह 5 बजे ही एयरपोर्ट पर पहुंच गया था, ताकि हमारे कप्तान इंडिया का राजा रोहित शर्मा और टीम की एक झलक देख सकूं। एक अन्य महिला फैन ने कहा, हम रात से ही अपने स्टार खिलाड़ियों की राह देख रहे हैं। हम एयरपोर्ट पर सुबह 4 बजे ही आ गए थे। वहीं, नोएडा से आई एक महिला फैन ने किंग कोहली के साथ एक सेल्फी और दिल्ली में एक रोड शो कराने की ख्वाहिश जताई। तूफान के कारण जीत के तुरंत बाद घर वापस नहीं लौट पाने वाली टीम को तब तक अपने होटल में ही रहना पड़ा जब तक कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक स्पेशल चार्टर फ्लाइट की व्यवस्था नहीं कर दी।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 19.07.2024 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जिसकी जानकारी निम्नानुसार हैः-

| स. क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम निविदा क्र. / निविदा सूचना क्र. एवं दिनांक | अनुमानित लागत राशि (रु.लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | महासमुंद जिले के विकासखण्ड महासमुंद के अंतर्गत कोडार परियोजना के चिंगरौद वितरक मुख्य नहर के आर.डी. 3600 से 4050 मी., आर.डी. 4500 से 5760 मी., आर.डी. 14130 से 14970 एवं आर.डी. 22640 से 24750 मी. साराडीह माईनर नम्बर 01 0 से 1500 भी., बरोन्डा बाजार माईनर नम्बर 01 आर.डी. 0 से 1200 मी. मचेवा माईनर नम्बर 01 आर.डी. 0 से 750 मी. मचेवा माईनर नम्बर 02 आर.डी. 0 से 450 मी., परसकोल माईनर नम्बर 03 आर.डी. 0 से 1260 मी., भलेसर माईनर नम्बर 01 आर.डी. 0 से 1500 मी, भलेसर माईनर नम्बर 02 आर.डी. 0 से 1080 मी., भलेसर माईनर नम्बर 03 आर.डी. 0 से 1170 मी., फाफिंगकला माईनर नम्बर 01 आर.डी. 0 से 600 मी. तक जीर्णोद्धार एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य, 25 नग पक्के कार्यों का जीर्णोद्धार, 10 नग पक्के कार्यों का निर्माण, नहर के सर्विस रोड में आर.डी. 5280 से 14160 मी., आर.डी. 14970 से 20880 मी. तक मुरूम टॉपिंग कार्य एवं 54 नग कुलाबा लगाने का कार्य | 155500/ 03/ वलेलि/2024-25 दि. 02.07.2024 (तृतीय आमंत्रण) | राशि रू. 491.74 लाख |
| 2. | विषयांतर्गत महासमुंद जिले के विकासखण्ड पिथौरा के अंतर्गत सोनासिल्ली जलाशय के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार, मुख्य नहर के आर.डी. 0 मी. से 2100 मीटर तक, सोनासिल्लीपारा माईनर आर.डी. 0 मी. 1140 मीटर, कसहीबाहरा माईनर आर.डी. 0 से 1800 मीटर तक का रिमाडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य, मुख्य नहर में 03 नग व्ही.आर.बी., 01 डी.सी. तथा 13 नग आउटलेट एवं सोनासिल्ली माईनर में 01 नग व्ही. आर.बी. कम फॉल, 09 नग आउटलेट, कसहीबाहरा माईनर में 02 नग व्ही.आर.बी. कम फॉल और 07 नग आउटलेट का निर्माण कार्य | 155502/ 04/ वलेलि/2024-25 दि. 02.07.2024 (तृतीय आमंत्रण) | राशि रू. 295.07 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 09.07.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता,**
**जल संसाधन संभाग, महासमुंद (छ.ग.)**
**कृते मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

G-242500821/4

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 06 जुलाई 2024

## टेकारी हाई स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**रायपुर (विसं)।** आज ग्राम पंचायत टेकारी के हाई स्कूल में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम रखा गया इस कार्यक्रम में विधायक अनुज शर्मा, ग्राम सरपंच व शाला समिति के अध्यक्ष के उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव का अयोजन किया गया। बच्चों का तिलत लगा कर स्वागत किया गया। साथ ही वृक्षारोपण भी किया गया।



# संक्षिप्त समाचार

## शासकीय प्राथमिक शाला रायपुरा में वृक्षारोपण, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने लगाए पौधे




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शासकीय प्राथमिक शाला रायपुरा में वृक्षारोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानपाठक श्रीमती लकी शुक्ला दुबे ने पौधा लगाकर किया। इस दौरान स्कूल के प्रांगण में छात्र-छात्राओं और सभी शिक्षको ने भी वृक्ष लगाए और उनकी रक्षा करने कि सपथ लिया।प्रधान पाठक श्रीमती लकी शुक्ला दुबे ने बच्चों को पेड़ों का महत्व बताया कहा कि पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए हमें प्रतिवर्ष वृक्षारोपण करना चाहिए। जीवन जीने के लिए हमें शुद्ध आक्सीजन की आवश्यकता होती है, जो हमें केवल पेड़ों से ही प्राप्त होती है। बच्चों को सिखाया कि हमें वृक्षारोपण करना चाहिए और अन्य लोगों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित करना चाहिए और हमें प्रति सप्ताह या महीने में एक ना एक पौधा अपने घर के आस-पास जरूर लगाना चाहिए जो कि पर्यावरण की रक्षा के लिए आवश्यक है। इस मौके पर स्कूल के परिसर में नीम, आंवला, आम, अशोक एवं अन्य वृक्ष लगाए गए। इस मौके पर बच्चों के साथ अध्यापक कीर्ति ठाकुर, कीर्तन वर्मा, मीनाक्षी मिश्रा, माधुरी ध्रुव, मीनाक्षी मेश्राम, पद्मा वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश स्तरीय कृषि सरकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 6 एवं 7 जुलाई को

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर सहकार भारती छत्तीसगढ़ द्वारा 6 एवं 7 जुलाई को राजधानी रायपुर में आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में प्रदेश स्तरीय कृषि सहकार सम्मेलन और सम्मान समारोह रखा गया है। सहकार भारती और सहकारिता प्रकोष्ठ के इस महत्वपूर्ण आयोजन का उद्घाटन प्रदेश के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप जी करेंगे, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा, विधायक अनुज शर्मा और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल भी इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। रायपुर कृषि महाविद्यालय जोरा के कृषि मंडपम में आयोजित समारोह का समापन प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मुख्य आथित्य मैं किया जाएगा। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि मंत्री राम विचार नेताम और डॉक्टर गिरीश चंदेल तथा स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई दुर्ग के डॉक्टर मुकेश कुमार वर्मा विशिष्ट अतिथि रहेंगे। दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन 6 जुलाई को पुणे महाराष्ट्र के प्रसिद्ध राष्ट्रीय कलाकार दामोदर रामदासी द्वारा योद्धा सन्यासी स्वामी विवेकानंद का एकल नाट्य मंचन शाम 5 बजे किया जाएगा। समापन दिवस 7 जुलाई को शाम 5 बजे श्री रामदासी जी द्वारा एकल नाट्य मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का भी मंचन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में तकनीकी सत्र एवं कृषि तथा सहकारी प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी जिसमें ड्रोन दीदी द्वारा ड्रोन प्रदर्शन, कृषि उत्पादक संगठन और उद्यानिकी प्रमुख आकर्षण होंगे।

# नेहरु युवा केंद्र ने आयोजित की देश की पहली यूथ असेंबली, विधानसभा में पहली बार युवाओं ने रखी अपनी मन की बात



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नेहरू युवा केन्द्र संगठन, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय युथ असेंबली फॉर क्लाइमिट चेंज का आयोजन विधानसभा, छत्तीसगढ़ रायपुर में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य थीम जलवायु परिवर्तन मे युवाओ की भूमिका पर आधारित था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व विशिष्ट अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री, केदार कश्यप रहे। कार्यक्रम मे यूनिसेफ़ के चेफ विलियम जूनियर भी उपस्थित थे।

श्रीकांत पांडे, राज्य निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन, छत्तीसगढ़ ने बताया कि यह देश की पहली यूथ असेंबली का आयोजन विधानसभा मे किया गया। क्लाइमेट चेंज फॉर युथ की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के 146 ब्लाकों से लगभग 200 युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया। युवा असेंबली मे 16 युवा विधायकों ने जलवायु परिवर्तन की समस्या पर अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा नेतृत्व को बढ़ावा देना था तथा युवाओं में राजनैतिक समझ को विकसित करना था।

यूथ असेंबली का प्रारंभ युवा विधानसभा युवा अध्यक्ष देवाशीष पटेल के अभिभाषण से प्रारंभ हुआ। अभिभाषण में उन्होंने कहा कि यह सदन छत्तीसगढ़ महतारी के समृद्धि एवं विकास का सदन है, यह सदन छत्तीसगढ़ के नागरिकों के विचार, अभिव्यक्ति और उपासना को सुनिश्चित करती है। उन्होंने यूथ असेंबली के विषय क्लाइमेट चेंज का वर्णन करते हुए कहा कि हम अपनी वसुधा का कल्याण कभी न भूलें।

तत्पश्चात जनरल सेक्रेटरी द्वारा नवनिर्वाचित युवा विधायकों को शपथ दिलाया गया। इसके उपरांत प्रश्नकाल प्रारंभ हुआ। युवा विधायकों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों की समस्याओं के साथ-साथ जलवायु में हो रहे परिवर्तनों को लेकर प्रश्न उठाए। सर्वप्रथम उत्तर बस्तर कांकेर के युवा विधायक हर्ष कुमार डोंगरे ने हसदेव जंगल के मुद्दे को सदन में उठाते हुए कहा कि हसदेव जंगल में लगभग 98000 वृक्ष काटे जा चुके हैं, डोंगरे ने आंकड़े बताते हुए सत्ता पक्ष के मंत्री से पूछा कि इन वृक्षों की पूर्ति कैसे होगी।


मंत्री मानसी चंद्रवंशी ने बताया कि संगठन में शक्ति होती है, यदि हम सभी प्रदेशवासी प्रतिवर्ष एक एक वृक्ष लगाएं तो कटे वृक्षों से ज्यादा वृक्ष लगाए जा सकते हैं। रायगढ़ से युवा विधायक नवीन कुमार दुबे ने सत्ता पक्ष से प्रदूषण के मामले में ध्यान देने हेतु आग्रह किया जिसके उत्तर में मंत्री ने भारतीय संविधान के अनुच्छेदों का वर्णन किया। धमतरी जिले के सिहावा विधानसभा क्षेत्र से युवा विधायक गुलाब सिंह वर्मा ने छत्तीसगढ़ी भाषा में जल प्रदूषण से संबंधित प्रश्न पूछे। अन्य विधायकों ने मृदा प्रदूषण, उद्योगों से होने वाले प्रदूषण, पर्यावरण संरक्षण के मामले में युवाओं की भूमिका से संबंधित प्रश्न पूछे। -शेष पेज 5 पर

# मुस्लिम महासभा की बैठक में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मुस्लिम महासभा की एक बैठक हुई. जिसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें से एक बहुत ही अहम मांग उठाई गई कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने और गौ तस्करी पर सख्त प्रतिबंध लगाने की बात कही गई। रायपुर में गुरुवार को मुस्लिम महासभा आयोजित की गई. जिसमें पूरे प्रदेश के हर जिले से मुस्लिम समाज के प्रमुख शामिल हुए। इस दौरान पशु तस्करी और परिवहन बंद करने के साथ गाय को देश का राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की गई। बता दें कि मुस्लिम समुदाय जल्द ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर इस मांग की वकालत करने की योजना बना रहा है. साथ ही बैठक में गाय की तस्करी पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। गाय को राष्ट्रिय पशु घोषित करने वाली मुस्लिम महासभा की मांग पर सीएम विष्णुदेव साय का बड़ा बयान सामने आया है। मुस्लिम महासभा की मांग पर सीएम विष्णुदेव साय ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि, हम सनातनी लोग तो गाय को माता मानते हैं। बैठक में सभी मस्जिद के मुतवल्ली, नायब मुतवल्ली सेक्ट्री, अंजुमन के सदर, दरगाहों के खादिम, उर्स कमेटी सहित बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी वर्ग, अधिवक्ता सहित समाज के लोग शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ मुस्लिम महासभा के आयोजनकर्ता सदस्य हुसैनी सेना प्रमुख राहिल रउफी ने बताया कि इस ऐतिहासिक और देश की पहली मुस्लिम महासभा में कई मुद्दों पर बातें हुई. मुख्य रूप से भाईचारा को बचाने के लिए सभी ने जोर दिया. साथ ही इस बात पर लोगों ने नाराजगी जताई कि शासन प्रशासन की तरफ से भय मुक्त वातावरण बनाने कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है. सरकार पर असामाजिक तत्वों को संरक्षण देने का भी आरोप लगा।

# दिगम्बराचार्य 108 श्री विरागसागर जी महामुनिराज के समाधीस्थ होने पर भावपूर्ण विनयांजलि



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री नागपुर प्रांतीय दिगम्बर जैन खंडेलवाल सभा (महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ )के प्रांतीय अध्यक्ष मनोज पहाड़िया, महामंत्री देवेंद्र छाबड़ा, कोषाध्यक्ष मनोज सेठी जोन 8 रायपुर के संयोजक अरविन्द पहाड़िया ने संयुक्त विज्ञप्ति द्वारा गणाचार्य 108 श्री विरागसागर जी के जालना महाराष्ट्र मे अल्पायु मे समाधी हो जाने से केवल जैन समाज ही नहीं वरन पूरे मानव समाज की क्षति बताया, आचार्य विरागसागर जी सम्पूर्ण मानव समाज के हित की बात सोचते थे, वे हंसमुख व मृदुभासी थे वे स्वयं के साथ साथ प्राणिमात्र के कल्याण के विषय मे प्रयासरत रहते थे, उन्होंने अपने मुनि काल मे बड़ी संख्या मे शिष्यों को दीक्षा संस्कार दिए जो आज पूरे भारत देश मे मानव कल्याण के मार्ग प्रशस्त कर रहें है, आचार्य विरागसागर जी ने अपने संघ को भविष्य मे संचालित करने की महती जिम्मेदारी रायपुर मे हाल ही मे ससंघ वर्षायोग कर चुके चर्या शिरोमणि आचार्य 108 श्री विशुद्धसागर जी महाराज को अपने ही मुखारविंद से देकर न केवल अपने शिष्यों के लिए वरन पूरे मानव समाज व श्रावकगण के कल्याण के कार्य को सम्पादित किये है, गणाचार्य 108 श्री विरागसागर जी का सानिध्य छत्तीसगढ़ निवासियों व राजधानी वासियों को पूर्व मे प्राप्त हो चुका है।

श्री नागपुर प्रांतीय दिगम्बर जैन खंडेलवाल सभा के सभी पदाधिकारी, सदस्य गण अपने पूज्यनीय, समाधीस्थ गुरु 108 आचार्यश्री विरागसागर जी के शीघ्र मोक्ष प्राप्ति के लिए एवं अपने गुरु के आदेश व इच्छा के अनुरूप पूरे संघ संचालन के लिए हमारे हृदय मे विराजित चर्या शिरोमणि आचार्य 108 श्री विशुद्धसागर जी को शक्ति प्रदान करने प्रभु से विनंती करती है।

# शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू के हाथ लगे अहम सबूत, ढेबर ने खेत में गाड़ रखे थे नकली होलोग्राम




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के सबसे चर्चिचत कथित आबकारी घोटाले मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) को अहम सबूत मिले है। शराब घोटाला केस में एक बार फिर ईओडब्लू ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रकरण में मुख्य आरोपी अनवर ढेबर के धनेली स्थित परिसर में एजेंसी को डुप्लीकेट होलोग्राम की कई रोल अधजले हालत में मिलर है। रायपुर के धनेली स्थित खेत में जेसीबी से 6 फीट गड्ढा खोदकर जले हुए पांच बाक्स बरामद किए गए हैं। नकली होलोग्राम रायपुर शहर से लगे धनेली से जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सबूत मिटाने के लिए होलोग्राम को जलाने का प्रयास किया गया है। एसीबी ने करीब पांच बाक्स जले हुए होलोग्राम जब्त किए हैं। जानकारी के मुताबिक अफसरों ने बताया कि धनेली में जिस खेत से यह होलोग्राम जब्त किया गया है, वह शराब घोटाले के आरोपित अनवर ढेबर के पिता के नाम पर है। एसीबी ने होलोग्राम जब्त करने के साथ ही तीन आरोपित अनुराग द्विवेदी, अमित सिंह, दीपक दुआरी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जिसके बाद कोर्ट ने तीनों को 11 जुलाई तक रिमांड में सौंप दिया। ईओडब्ल्यू ने बताया है कि वर्ष 2022 में ई.डी. में छापे के डर से अनवर ढेबर एवं अरविन्द सिंह के कहने पर बचे हुए डुप्लीकेट होलोग्राम को नष्ट किया गया था, जिसकी सूचना प्राप्त होने पर ईओडब्ल्यू की टीम ने गवाहों के समक्ष जेसीबी से छः फीट जमीन खुदवाकर, उसकी वीडियाग्राफी कराकर विधिवत जप्त किया गया।

# छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिले कोयला सचिव अमृत लाल मीणा

## राज्य में उत्पादन विस्तार को लेकर हुई चर्चा, एसईसीएल सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा रहे साथ

### मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ के साथ भी कोयला सचिव ने की बैठक



**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में 4 जुलाई को कोयला सचिव श्री अमृत लाल मीणा ने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ श्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर कोल इंडिया चेयरमैन श्री पीएम प्रसाद एवं एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा भी उपस्थित रहे।

अमृत लाल मीणा ने मुख्यमंत्री को कोयला मंत्रालय द्वारा देश को ऊर्जा सम्पन्न बनाए रखने में दिए जा रहे योगदान के बारे में जानकारी दी साथ ही कोयला सम्पन्न छत्तीसगढ़ राज्य की खदानों में उत्पादन विस्तार को लेकर भी चर्चा की।

कोयला सचिव श्री अमृत लाल मीणा ने रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन श्री अमिताभ जैन के साथ भी बैठक की और एसईसीएल के कार्य-संचालन से जुड़े विषयों जैसे-पर्यावरणीय स्वीकृति , वन स्वीकृति, भूमि अधिग्रहण, परियोजनाओं के विस्तार में राज्य शासन से अपेक्षित सहयोग, पुनर्वास एवं पुनर्विस्थापन जैसे बिंदुओं पर महत्वपूर्ण चर्चा की।

सचिव कोयला मंत्रालय भारत सरकार ने परस्पर समन्वयन से योजनाओं विशेषकर एसईसीएल के मेगाप्रोजेक्ट्स गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा में समयबद्ध तरीक़े से खदान विस्तार पूरा करने पर ज़ोर दिया।

इससे पहले श्री मीणा ने द्वारा एसईसीएल की समीक्षा बैठक ली गई जिसमें उन्होने एसईसीएल के मेगाप्रोजेक्ट्स गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा के क्षेत्रीय महाप्रबंधकों से मेगाप्रोजेक्ट्स में उत्पादन-उत्पादकता, कोयला प्रेषण में फर्स्ट-माइल कनेक्टिविटी, खदान विस्तार, भूमि-अधिग्रहण, पर्यावरण आदि विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी ली और समयनुसार भू-अधिग्रहण कर योजनाबद्ध तरीके से खदान विस्तार योजना के क्रियान्वयन पर ज़ोर दिया।

बैठक में कोल इंडिया चेयरमैन श्री पीएम प्रसाद तथा एसईसीएल शीर्ष प्रबंधन से सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा, निदेशक तक. (संचा.) श्री एसएन कापरी, निदेशक तक. (यो/परि.) श्री एन फ्रैंकलिन जयकुमार एवं निदेशक (कार्मिक) श्री बिरंची दास एवं अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

# मालवीय रोड दिगम्बर जैन मंदिर में भक्तामर स्तोत्र पाठ सम्पन्न

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** गणिनी आर्यिका 108 सौभाग्यमती माताजी ससंघ के सानिध्य में शुक्रवार को श्री आदिनाथ जिनालय मालवीय रोड मंदिर जी में भक्तामर स्तोत्र जी का पाठ 48 दीपकों के माध्यम से महिला मण्डल द्वारा पाठ किया गया। जिसमे समाज के सभी वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। पाठ के बाद सभी ने श्री जी की आरती की गई एवं प्रश्न मंच का आयोजन भी किया गया। पुण्यार्जक के रूप में श्रीमति नीता पियूष जैन, श्रीमति दीप्ति श्रद्धेय जैन, श्रीमति रीता आशु नीरज जैन, श्रीमति सरोज प्रमोद जैन, श्रीमति चांदनी राजीव जैन ने मुख्य रूप से सपरिवार सम्मिलित हो पुण्य अर्जन किया।



# आज रायपुर पुरी रथ यात्रा अनारक्षित पैसेंजर स्पेशल ट्रेन को सुबह 6 बजे जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में रवाना किया जाएगा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 06 जुलाई 2024 को रायपुर रेलवे स्टेशन पर रायपुर पुरी रथ यात्रा अनारक्षित पैसेंजर स्पेशल ट्रेन को सुबह 6 बजे जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति में रवाना किया जाएगा। रथ यात्रा के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़भाड़ को कम करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए रायपुर एवं पुरी के मध्य 02 फेरों के लिए अनारक्षित रथ यात्रा स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है। यह ट्रेन रायपुर से 08383 नंबर के साथ दिनांक 06 एवं 14 जुलाई 2024 को प्रात: 06.00 बजे रवाना होकर रात्रि 23.00 पुरी पहुंचेगी । इसी प्रकार पुरी से 08384 नंबर के साथ दिनांक 08 एवं 16 जुलाई 2024 को मध्य रात्रि 02.45 बजे रवाना होकर 16.00 बजे रायपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 18 कोच के साथ चलेगी।

## दैनिक विश्व परिवार से जुड़ें...

छत्तीसगढ़ के सबसे विश्वसनीय दैनिक समाचार पत्र एवं वेबसाइट **"दैनिक विश्व परिवार"** से जुड़े और पाए अपनी खबरों को प्रकाशित कराने अवसर।

**"दैनिक विश्व परिवार"** दे रहा है सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में युवा एवं प्रतिभावान पत्रकारों को मौका अपने जिले की हर खबर को प्रमुखता से प्रकाशित कराने का अवसर।

साथ ही छत्तीसगढ़ के समस्त जिले, विधानसभा, ब्लॉक स्तर पर रिपोर्टरों और विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है। अपनी खबरों को **"दैनिक विश्व परिवार"** के माध्यम से जनता तक पहुंचाए। हमसे जुड़ने के लिए निचे दिए गए नंबर पर करे अपनी खबरे साजा।

सम्पर्क : 99810-93065, 62662-63552

# स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 : स्वच्छता की दौड़ में रायपुर को नंबर-1 बनाने जुटे रायपुरियंस

## महापौर, नेता प्रतिपक्ष सहित जनप्रतिनिधि कर रहे हैं आम लोगों को जागरूक ● नगर निगम अमला भी व्यापक तैयारियों में जुटा

### वार्डवार प्रभारियों सहित मुख्यालय के अफसरों ने शुरू की मॉनिटरिंग



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 अंतर्गत नगरीय निकायों की राष्ट्रीय रैंकिंग के लिए नगर निगम रायपुर ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। महापौर श्री एजाज़ ढेबर व नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल चौबे जोनवार अधिकारियों व नागरिकों की बैठक लेकर प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता की हर गतिविधि में शामिल होने की अपील कर रहे हैं, वहीं कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा सेंट्रल व जोनल टीम के अधिकारियों के साथ लगातार चर्चा कर स्वच्छता संबंधी पूरी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर शहरी क्षेत्र में गंदगी हटाओ-बीमारी भगाओ अभियान की शुरुआत भी हो चुकी है। इसके लिए नगर निगम आम लोगों को जागरूक करने व्यापक स्तर पर अभियान के संचालन का रोडमैप भी तैयार किया है।

निगम कमिश्नर श्री मिश्रा के अनुसार देश के 4447 नगरीय निकायों में रायपुर इस समय 12वें स्थान पर है और गत् स्वच्छता सर्वेक्षण में राज्य में रायपुर अग्रणी रहा है। रायपुर इस बार फिर स्वच्छतम शहरों की रेस में अपना बेहतर प्रदर्शन करने तैयारियों में जुटा हुआ है। स्वच्छता संबंधी फीडबैक नागरिकों से लिए जा रहे है एवं शिकायत व सुझाव पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश मैदानी अमले को दिए गए है। जोन व वार्डवार स्वच्छता प्रभारियों की तैनाती कर मॉनिटरिंग को मजबूत किया जा रहा है एवं मुख्यालय के अधिकारियों को भी जिम्मेदारी दी गई है। नागरिक समितियों, कॉलोनी वेलफेयर सोसायटी, मोहल्ला समितियों को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों की अगवाई में स्वयं सेवी व सामाजिक संगठनों को भी स्वच्छता गतिविधियों में शामिल किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर आयुवर्ग को स्वच्छता संबंधी कार्यक्रमों में शामिल कर सभी को प्रोत्साहित व सम्मानित करने की भी योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि 01 जुलाई से गंदगी हटाओ-बीमारी भगाओ अभियान की शुरूआत की गई है और सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से नागरिकों से निरंतर यह अपील की जा रही है कि आस-पास पनपने वाली गंदगी कई बीमारियों और जल निकासी में बाधा का कारण बनती है, इसलिए गंदगी न पनपने दें। स्वच्छता संबंधी शिकायत या सुझाव के लिए टोल फ्री निदान-1100 या नगर निगम के व्हाट्सएप्प चैट बॉट नंबर-9111666207 पर संपर्क कर सूचित कर सकते हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों सहित स्वयंसेवी संस्थाओं व सभी संगठनों को शामिल करते हुए स्वच्छता को लेकर महा-अभियान की शुरुआत की जा चुकी है और सभी के सामूहिक प्रयासों से रायपुर को स्वच्छतम शहर के रूप में प्रतिष्ठित करने व्यापक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

# जंगल सफारी नया रायपुर में किया गया पौधारोपण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी में प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी सुधीर अग्रवाल ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधा रोपण किया।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354